13.25 hrs.

DEMANDS FOR GRANTS, 1974-75—*contd.*

MINISTRY OF EDUCATION AND SOCIAL WELFARE & DEPARTMENT OF CULTURE—*contd.*

MR. SPEAKER: Now we take up further discussion and voting on the Demands for Grants under the control of the Ministry of Education and Social Welfare and Department of Culture.

Shri Madhuryya Halder to continue his speech.

13.25½ hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

*SHRI MADHURYYA HALDAR (Mathurapur): Sir, yesterday, I was speaking about the 'Peacock Reader'. This book has been published by the Government, but it is full of mistakes. The teachers are faced with difficulty while teaching from this book and the students also learn many wrong things and incorrect English in the process. Then, Sir, the teachers in India are very ill paid and they also do not get their pay regularly. Moreover there is no certainty when they will get the dearness allowances from the Government. It may take five months, 6 months or even one year at times. The teachers in West Bengal and elsewhere are agitating for the redress of this situation but nothing has been done by the Government. The teachers also do not have any security of their service. Therefore, Sir. we demand an All India Secondary Education Commission on the pattern of the U.G.C. for maintaining it uniform standard of education and uniform courses of study all over India. The same demand was voiced by the Secondary teachers also. Then, there are some schools called the 'Central Schools'. In these schools the teacher-student ratio is 1:21 as stated at p. 11 of the Demands for Grants. But, Sir, in other Secondary Schools the teacher-student ratio is 1:40 to 50. We are very happy at the teacher-Student ratio in the Central Schools. This will certainly improve the standard of teaching. I am only drawing attention to the disparity so far as other schools are concerned. Let the same ratio be introduced in other schools also all over India. There are about 5693 students studying in these Central Schools and a total of Rs. 1,19,295 have been spent on them. That means about Rs. 600 have been spent on each student in the Central Schools. From the amount that has been provided in the present budget, *i.e.* Rs. 800 crores, it is certain that the per head expenditure will further go up. But, the expenditure on other ordinary secondary schools is very meagre. I am not objecting to the handsome amount spent on these Central Schools because the children of the highly placed Central Government Officers are studying there. My demand is that the per head expenditure on the ordinary secondary schools may also be substantially increased. Now I will speak about some central Universities. We learnt something about the working of these Universities in the U.G.C. report. These were gone into detail while discussing that report, so I will not dilate on that now. I will only draw the attention of the Minister to one particular aspect. This was published in the 'Jugantar' paper dated 25th March, 1974. The hon. Minister may take this paper

*The Original Speech was delivered in Bengali.

[Shri Madhuryya Haldar]

from me or he may obtain it from the Library and go through this item, wherein some serious allegations have been made against the 'Vishwa Bharati' University. I am quoting some excerpts from this issue:

"At least a dozen responsible persons of 'Shantiniketan' were heard talking about the use of costly furniture and cutlery and curtain cloth costing Rs. 52 a metre in the drawing room of the Vice-Chancellor, at Government expense. If the cloth and other items produced at Sree-Niketan are not considered fit enough for decorating the Vice-Chancellor's room, then the same is not on Rabindra Nath but on the present authorities"....

THE MINISTER OF EDUCATION SOCIAL WELFARE AND CULTURE (PROF. S. NURUL HASAN): May I ask the hon. Member to let me know the date of the Yugantar?

SHRI MADHURYYA HALDAR: Yugantar dated 25th March.

Here is some more:

"Have you ever heard that the post of a Professor in a University lies vacant year after year? The funny thing is that whoever is brought here by the Vice Chancellor, seeks to escape after a few days"....

"Are only those fortunate few considered worthy in the eyes of the Vice-Chancellor who were alleged to be following him like a shadow from dawn till dusk?"

That means only those are fit for University assignaments who butter the Vice-Chancellor. Buttering is the main qualification. Sorry state of affairs indeed:

"Some say 'Niharbabu' can very well talk of retrenchment in the Science Department but what will be our fate?" or everywhere there is the vice of nepotism and corruption, just see what happened this time over the 'Readership' issue. I was superseded etc. "Shantiniketan has turned into a fertile ground for the play of selfish interests of various groups".

"All around there is misery, and discontent. Inactivity peervades the various departmeints of 'Vishwabhafrati'. There is confusion for want of planning."....

Sir, I will end the topic of 'Vishwa Bharati' with one more quotation from the same paper:

"Many a fun has been made of Sreeniketan, try to help it stand on its own legs. All this advice is not to be given in the columns of a newspaper. Let us do away with the game of criticism. Give up the policy of taking secret decisions. Break away from the bonds of the syndicate, uproot all the weeds mercilsely and take a clear view with wide open eyes. You have used your ears far too long now see through the eyes."

Mr. Deputy Speaker, Sir, in the U.G.C. Report of 1971 I found that Rs. 65 lakhs were spent on Vishwa Bharti University. This huge amount was granted from the funds of the Central Government which is collected from all classes of people of India, rich as well as poor and it has been squandered away on this University in this fasion. Sir the number of students studying in Vishwa Bharati is very small. Right from the lower classes upto the research stage only 1,281, students are on roll and for them 65 lakhs of rupees were granted. In Aligarh University there are research departments, degree classes and some undergraduate classes and for that University Rs. 2 crores and 14 lakhs were granted. Similarly for Benaras University Rs. 2 crores and 80 lakhs were granted in Delhi University also the number of students is not

very large. In Jawaharlal Nehru University there are only 505 students and amount spent on them was Rs. 19 lakhs. This shows how lavishly grants are sanctioned for the Central Universities. Whereas a news items appeared in the press sometime back that Calcutta University is unable to undertake expansion for shortage of funds. Research work in this University has almost come to a standstill for lack of finance. Many other departments of the Calcutta University are facing closure wholly for want of funds. From the U.G.C. Report the hon. Minister will find that the Calcutta University has been treated as a "Duo—Rani." If the hon. Minister studies the booklet. 'The largest and the poorest University' written by Dr. S. N. Sen, Vice Chancellor of Calcutta University, he will realise the sad plight in which the Calcutta University is in today. I can show him that booklet if he so desires. It is not enough if attention is paid to the Central Universities alone. Equal attention must be paid to the other Universities as well.

Then Sir, we have been hearing for long about 'examination reform' But no progress has been made in this regard so far. Many a report has been submitted by various 'Education Commissions'. All were unanimous in their views that urgent 'examination reforms' were necessary. We do not know what measures have been taken by the Education Ministry in this regard. Due to non-implementation of examination reforms, the practice of mass-copying has come into vogue everywhere and this practice is more widsspread in West Bengal. The practice of mass-copying has taken deep roots. Some time back there was a case in Burnpore where a student of seventh class stabbed one teacher to death. The reason was that he failed in the annual examination as he was prevented from copying by that teacher. So, he took revenge on his teacher by fatally stabbing him This incident shows how much the students depend on copying under the present system of examinations. Therefore, it is necessary to evaluate the performance of a student over the whole year for promoting him to a higher class, as was recommended by the education Commission. Sir, we saw that in Gujarat all the students were declared successful without taking the annual examination this year. Since there were prolonged disturbances in that State.

MR. DEPUTY-SPEAKER: You have taken a long time. Please conclude now. You have taken ten minutes more.

SHRI MADHURYYA HALDAR: There is a 24 hours' break. There is break of so many hours.

MR. DEPUTY-SPEAKER: So, more ideas have come: You have another break and you take another 15 minutes.

SHRI MADHURYYA HALDAR Sir illiteracy is on the increase in our country and the Government tries to console us by drawing our attention to the situation prevailing in Nepal, Pakistan etc in this respect. But if we look to some other countries in Asia itself, we will find that they have eliminaed the term 'illiteracy' from their land.

Now I will say a few things about adult education. Since we have failed to fulfil our constitutional obligations regarding primary education, we are now paying attention towards adult education. I will like to point out. Mr. Deputy Speaker, Sir, that an organisation called the 'Bombay city social education society' was granted Rs. 2,19,00 in 1971-72 and in 1972-73 they were granted Rs. 1,19,00. Another organisation called 'West Bengal Illiteracy Eradication Society' was granted over Rs. 2,39,000 in 1971-72 and they

[Shri Madhuryya Haldar]

were granted over Rs. 1,21,000 in 1972-73. I will like to know what have they done with these huge grants. The Maharashtra State Social Education Society, Poona, was granted Rs. 1,65,000 in 1972-73 The Kerala Granthsala was granted Rs. 99,000. What are they doing with such huge amounts? It is most surprising

MR DEUPTY-SPEAKER: Order, you are going into all these details Please conclude

SHRI MADHURYYA HALDAR Only two points in two minutes, Sir

MR DEPUTY-SPEAKER· Well it is a funny game

SHRI MADHURYYA HALDAR: Sir, in reply to an Unstarred Question No 3126 dated 13th August, 1973, it was stated that the Benaras University was granted a sum of Rs 4,40,000 for preparation of a Historical Grammer in Hindi Separate grant was required by them for its publication Whereas, the Calcutta University has not been able to publish a book titled 'Origin and Development of the Bengali Language' written by our National Professor Dr S K. Chatterjee, for want of funds, its publication has been held up for about 50 years

MR DEPUTY-SPEAKER There is no sign of your ending, I must shut you out now, there is a limit If every detail is to be brought in, if every single individual can be brought in, there is no end to it Please conclude.

SHRI MADHURYYA HALDAR Sir, I will conclude by saying that the Adivasis and the Scheduled trices students are even today getting the same amount of stipend and Post Matric Scholarships that they were getting at the time of the country's independence. The amount of the scholarship has not been increased over all these years. Sir, I demand that the amount of scholarship to these students should be raised substantially. With that, Sir, I conclude.

श्री सुधाकर पाडे (चदौली) · उपाध्यक्ष महोदय, मै शिक्षा मत्रालय की मांगो के समर्थन मे खड़ा हुआ हू । आज देश मे शिक्षा मे क्रान्ति की बात जय प्रकाश बाबू से लेकर सभी लोग कर रहे हैं और आजादी के बाद का गत 26 वर्षों का अनुभव भी हमारे समाने है । मै नूरुल हसन साहब को बधाई देता हू कि सब चीजो का भाव बढ गया है लेकिन शिक्षा का भाव उन्होने घटा दिया है जहा शिक्षा पर बजट का 7 प्रतिशत तक खर्च होता था, वहा वे 4. 6 प्रतिशत मे ही शिक्षा का सचालन करना चाहते हैं ।

उसके साथ ही बडी दूभाल पर्दी है ।

MR DEPUTY-SPEAKER: Is it the cost or value of education that has come down?

श्री सुधाकर पांडे तो यह बडी अच्छी बात है, सब लोग इस तरह से खर्च घटावे तो शायद देश धनी हो जाय लेकिन इससे शिक्षा की व्यवस्था नही बनेगी । अध्यापको की तनख्वाह बढा दी गई है और यह एक चक्र है—जब विश्वविद्यालय के अध्यापको की तनख्वाह बढी तो सेकेन्डरी शिक्षा के अध्यापको की तनख्वाह बढेगी और फिर प्राइमरी स्कूलो के अध्यापको की तनख्वाह बढ़ेगी और इस चक्र मे, जैसे अभिमन्यु खो गया था कही हमारे नूरुल हसन साहब न खो जाय, यह मुझे भय है ।

मेने पहले भी कहा था और आज भी कह रहा हू कि साक्षरता का प्रचार देश मे बढा है । शिक्षा का प्रचार देश मे नही बढा हे अगर शिक्षा हो तो यह स्थिति नही होती जिस कगार पर आज देश खडा है सारे राजनीतिक दलो के लोग मुझे इस बात के लिए क्षमा करेंगे कि अब उन्हे कोई

नहीं मिल रहा है तो हमारे नवयुवकों से ही, उनके आक्रोश का फायदा उठाकर देश को तबाह करने का यत्न कर रहे हैं। भावी संतति के साथ जैसा हम व्यवहार करेंगे उसका परिणाम हमें भुगतना पड़ेगा। सरकार से भी हम यह कहना चाहते हैं कि जो हमारे छात्रों की मांग होती हैं उनको तभी पूरा करने के लिए वह तैयार होती है जबकि उसके लिए वे आन्दोलन खड़ा करते हैं। सरकार को चाहिए कि कोई एक स्थायी समिति बना दे जो नवयुवकों की समस्यायों का अध्ययन करती रहे। आज कागज नहीं मिल रहा है, राशन नहीं मिल रहा है—यह सारी समस्यायें हैं। नूरुल हसन साहब कह सकते हैं कि इसका हमारे मंत्रालय से सम्बन्धन नहीं है और शिक्षा जो है वह स्टेट सब्जेक्ट है तो यह सब मिलकर एक ऐसी कमेटी बना लें। क्योंकि कागज का जो अकाल है, जैसे तुलसी दास जी ने कहा है :

सत्य कहों लिखि कागज कोरे

तो कागज करे पर शिक्षा का प्रचार और प्रसार नहीं होगा।

एक बड़ी क्रांतिकारी चीज और क्रांतिदर्शी चीज इस रिपोर्ट में मैं मैं देख रहा हूं और मुझे प्रसन्नता हैं कि 25 साल तक आपने तने को सींचा और अब जड़ को सींचने जा रहे हैं। प्रारंभिक शिक्षा के लिए अधिक अच्छी व्यवस्था करके या उसके लिए अधिक धन दे कर। अध्यापकों की तनख्वाह भी आपने बढ़ाई है लेकिन तनख्वाह बढ़ाने मात्र से शिक्षा की व्यवस्था नहीं होगी। अध्यापकों कोभी पढ़ना पड़ेगा। क्योंकि मेरा यह अनुभव है कि काशी विश्वविद्यालय में एक बार जांच-पड़ताल हुई थी तो एक प्रोफेसर हफ्ते में केवल आधा घंटा बनारस में रहे। विश्वविद्यालय में नहीं बल्कि बनारस में ही केवल आधा घंटा रहे। तो यह बड़ी भारी विडम्बना है कि लड़के पढ़ना नहीं चाहते और अध्यापक पढ़ाना नहीं चाहते। तो अध्यापकों के पढ़ाने की व्यवस्था की जाये और वे भी स्वयं कुछ पढ़ें। मेरा ऐसा अनुभव रहा है कि बहुत से टीचर ने जो नोट पहले दिन क्लास में बनाया वही नोट जब वह रिटायर हो गए तब भी ज्यों का त्यों रहा जबकि ज्ञान और विज्ञान इतना आगे बढ़ता जा रहा है। जैसा कि किताबों में हम पढ़ते हैं, दस वर्ष में वह दूना होता जा रहा है। यह मानी हुई बात है जैसा देश का गुरु करता है वही देश करता है। तो अध्यापकों में भी कुछ ऐसी नैतिकता आनी चाहिए कि वह जो काम चोर हो रहा हैं वह काम और नाम चोर न हों। वह तो पता चला है कि करोड़ों रुपया दिया गया पुस्तकें लिखवाने के लिए पुस्तकें लिखी गई अध्यापको के नाम पर और वही बोर्ड आफ स्टडीज में बैठते ह तो उन किताबों को पाठ्य ग्रंथ में नही नेना चाहिए बल्कि जो दूसरे प्राइवेट पब्लिशर्स अपना किताबें छपवाते हैं उन किताबों को लेनी चाहिए।

आज देश के सामने चरित्र की समस्या सबसे बड़ी समस्या है। अध्यापकों में जब तक चरित्र नही आयेगा तब तक काम नही बनेगा, मैं भी अध्यापक हुं इसलिए मैं कह सकता हू अपने बंधुओं से कि उनका मान गिरा है आजादी के बाद नही तो प्राइमरी शिक्षा के टीचर को देख कर लोग नमन करते थे और आज भी करते हैं। किन्तु अध्यापको ने अपना मान गिराया है। उस मान को उठाने की व्यवस्था होनी चाहिए किन्तु आज धन से ही सारी प्रतिष्ठा जोडी जा रही है। इस देश की यह प्रथा रही है कि धन को द्वितीय कोटि की नागरिकता प्राप्त रही है, धनको प्राथमिकता कभी प्राप्त नही रही है किन्तु आजादी के बाद ऐसा हुआ है कि धन से ही आदमी का मान हो रहा है। धन से आदमी

[श्री सुधाकर पांडे]

का मान नही होना चाहिए, गुण से मान होना चाहिए । विश्वविद्यालय ने एक प्रकार की मानोपोली बना ली है । पहले रामचन्द्र शुक्ल हाई स्कूल पास करके यूनिवर्सिटी मे प्रोफेसर हो सकते थे और ऐस प्रोफेसर हो सकते थे कि जिनके कृत्यो की व्याख्या करके थीसिस लिखकर सैकडों आदमी डी० लिट० हो सकते है। किन्तु आज यदि बाहर का कोई विद्वान है जिसने स्वाध्याय के बल पर ज्ञा अर्जित किया है वह विश्वविद्यालय के घेरे मे नही घस सकता भले ही लक्ष्मण रेखा पार करके रावण सीता को ले जाये। आज यह जो विडम्बना हो गई है इसको बन्द करना चाहिए । आज प्राइवेट परीक्षा पास किए लोग केन्द्रीय विश्वविद्यालयो मे बहुत से विभागो के अध्यक्ष है । हिन्दी विभाग की बात मै जानता हू, तीन विश्वविद्यालयों मे अध्यक्ष नागपुर के डी० लिट० लोग है जिन्होंने धीरे धीरे शिक्षा प्राप्त की, नौकरी की, पाठशालाओं मे नौकरी की स्कूलों मे नौकरी की और फिर यूनिवर्सिटी मे गए । तो यह रास्ता जो बन्द कर दिया गया है उसको खोलना चाहिए और बाहर के विद्वानो के लिए भी जो स्वाध्याय करते है अवसर होना चाहिए ।

यू0 जी0 सी0 की बात आती है तो कहना पड़ता है कि नूरल हसन साहब कागज पर बड़ा अच्छा काम करते हैं, आश्वासन भी हम लोगों को देते हैं और किसी को नाराज भी नहीं करना चाहते हैं । कई बार यह बात उठी, पब्लिक एकाउन्टस कमेटी मे भी उठी और हम लोगों ने भी कही कि यू० जी० सी० के कार्यों की जांच पडताल हो । उसने जो देश को दिया है उसके गुण धर्म के परीक्षण के लिए कोई व्यवस्था होगी या नही । यदि नही होगी तो स्पष्ट कह दे कि नही होगी और हम लोग कहना छोड दे । बार बार एक ही चीज को कहा जाये यह अच्छा नही लगता है ।

दूसरी बात यह है कि यू० जी० सी० अनुदान तो विश्वविद्यालयों को देता है लेकिन वे करते क्या है? इस बात का भी मूल्यांकन होना चाहिए क्योंकि केवल धन से ही शिक्षा नही होगी । अनुदान तो मिल रहा है किन्तु उसका मूल्यांकन विश्वविद्यालयों मे नही हो रहा है ।

परीक्षा की बात मेरे मित्र हाल्दर जी ने उठाई । परीक्षा मे सुधार के लिए कमेटी बनी थी लेकिन उसने जो रिपोर्ट दी थी उस रिपोर्ट का क्रियान्वयन विश्वविद्यालयों मे होगा या नही? अगर विश्वविद्यालय आटोनामस बाडीज है वह इन चीजों का प्रयोग नही करना चाहती तो आप उनसे कह दीजिए कि हम अनुदान नही देंगे और दूसरे ही दिन वह मान जायेंगे और कहेंगे कि हम आटोनामस नही है, जो अच्छी चीज है वह ग्रहण की जायेगी । होता यह है कि जहा पर उनकी स्वार्थसिद्धि होती है वहा पर वह आटोनामस बाडीज हो जाती हैं और जहा पर उनकी दुम दबती हैं वहा पर कहा जाता है कि सरकार का उत्तरदायित्व हैं कि हमारा निर्वहन करे । तो उसके ऊपर परीक्षा में सुधार की बात जबर्दस्ती

लायी जानी चाहिए। यदि नहीं लाहते हैं तो यह ठीक नहीं है। बहुत से केन्द्रीय विश्वविद्यालय खुले हैं और आगे भी खुलेंगे। मैं चाहता हूं उनके लिए प्रलग से सेल बना दिया जाये यू०जी०सी० में और मिनिस्ट्री में भी जो उनकी जांच-पड़ताल करता रहे क्योंकि 25 साल के बाद भी अलीगढ़ या काशी विश्वविद्यालय को हम एक कानून नहीं दे सके है। उनके कानून लटक रहे हैं। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संबंध में यदि कोई ऐक्ट आना है तो वह जल्दी से आ जाये, यदि नहीं आना है और इसी प्रकार की व्यवस्था चलनी है तो फिर उसको ही चलने दीजिए।

मैं शिक्षा मंत्री जी का ध्यान प्रौढ़ शिक्षा के उपर आकृष्ट करना चाहता हूं। मेरा अनुभव है कि प्रौढ़ शिक्षा के नाम पर या प्रौढ साक्षरता के नाम पर जितना धन व्यय किया जा रहा है वह सब का सब अपव्यय हो रहा है। काशी में जब छापा मारा गया अभी कुछ स्कूलों में तो पता चला कि रुपया दिया जा रहा हैं लेकिन शिक्षा कहीं नहीं हो रही है। प्रौढ़ शिक्षा को केवल साक्षरता तक ही सीमित न करें बल्कि जो निरक्षर भट्टाचार्य हैं देहातों में उनके जीवन की आज जो आवश्यकतायें हैं उनके अनुरूप शिक्षा दें वह शिक्षा केवल, क, ख, ग, घ, च की शिक्षा न हो बल्कि यदि ट्रैक्टर की शिक्षा हो सके तो वह शिक्षा दी जाये, यदि बिजली बनाने की शिक्षा हो सके तो उसकी शिक्षा दी जाये क्योंकि यह भी शिक्षा के भीतर है, इसको भी होना चाहिए।

हायर एजूकेशन पर रोक लगाने की बात आपने कही है। यह बड़ी अच्छी बात है, रोक लगनी चाहिए और जितने लोगों को हम काम दे सकते हैं उतने लोगों की शिक्षा की ही व्यवस्था करे लेकिन यह बात हम बहुत दिनों से सुन रहे हैं परन्तु उसका क्रियान्वयन कब होगा? इसका क्रियान्वयन तभी हो सकता है जबकि सैकेण्ड्री एजूकेशन की शिक्षा की व्यवस्था आप रोजगार-परक बनावें और कार्य-परक बनायवे। यह कार्य अभी नहीं हो पा रहा है क्योंकि स्टेट्स परन्तु कहती हैं कि यह स्टेट सब्जेक्ट है और आप कहते हैं कि हम क्या करें। तो इसमे किसी प्रकार का तालमेल निश्चित रूप से होना चाहिए क्योंकि जितने आदमी हैं उतनी डफलिया नहीं बजनी चाहिए। डफली शिक्षां के क्षेत्र में केवल एक ही बजनी चाहिए भले स्थान उसमें परिवर्तन हो जाये।

जो आपकी रिपोर्ट है उसमें आपने कहा है कि जो कमजोर और दुर्बल वर्ग हैं उसको हम मजबूत करेंगे लकिन जो दुर्बल क्षेत्र हैं उनको आप मजबूत नहीं कर रहे हैं। काशी जैसे क्षेत्र में दो दो हजार स्क्वायर मील में एक डिग्री कालेज नहीं है बहुत से स्थानों पर। यह आश्चर्य की बात जो मैं आपसे कह रहा हूं वह काशी के लिए है जोकि शिक्षा का केन्द्र और राजधानी हैं। तो दुर्बल क्षेत्रों को भी मजबूत करने की बात क्यों नहीं की जाती? आप यह क्षेत्र कायम नहीं करते हैं क्योंकि आपके यू०जी०सी० के जो नियम हैं वह दिल्ली में भी लागू होते हैं, मावलंकर में भी लागू होते हैं और बनारस में भी लागू होते हैं। इस लिए क्षेत्रों के बारे में

[श्री सुधाकर पाण्डे]

भी इसको सोचना चाहिए। इस संबंध में यू॰ जी॰ सी॰ के जो नियम हैं वह सहज और सरल होने चाहिए। यदि कोई क्षेत्र अपने पास से एक लाख रुपया चन्दा देता है तो वहां पर एक डिग्री कालेज खोल दिया जाये। आज बहुत से ऐसे क्षेत्र हैं जो एक लाख रुपया चन्दा देने के लिए तैयार हैं किन्तु अध्यापकों की जो तनख्वाह आपने कर दी है उसके माध्यम से वे नहीं चलायेंगे। बनारस के अध्यापकों के बारे में एक बात आपसे कहनी है कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से जो एफीलिएटेड कालेज हैं उनकी तनख्वाह यूनिवर्सिटी के अध्यापकों के मुकाबले में तीन चौथाई है।

यह बड़ी भारी ज्यादती है। दिल्ली में आप देते हैं, वहां भी उन को वही तनख्वाह दीजिए। वही व्यवस्था कीजिये या ऐफीलियेशन न दीजिये अगर आप नहीं देना चाहते हैं तनख्वाह। काम आप काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का लेते हैं उन का रिजल्ट भी अच्छा होता है, लेकिन तनख्वाह नहीं दी जा रही है उनका।

अब मैं आपके साहित्य रचना की ओर आना चाहता हूं। उसका बड़ा अच्छा काम हो रहा है लेकिन मेरा अनुभव यह है, इस क्षेत्र का मुझे अनुभव है और जिस संस्था से मैं सम्बद्ध हूं देश में उससे अच्छा काम साहित्य रचना का किसी ने नहीं किया है। किन्तु कागज नहीं मिल रहा है। और टैक्स्ट बुक्स बुलाई मैं आपको देनी है। कागज की व्यवस्था अगर आपने नहीं की तो उसका फायदा राजनीतिक लोग भी उठायेंगे और जनता भी कष्ट में पड़ जायेगी। और केवल कागज का ही प्रश्न नहीं है स्टेशनरी का भी प्रश्न है। इस सम्बन्ध में आप कोई नीति निर्धारित कर दीजिये कि जो निर्माण सम्बन्धी साहित्य की रचना हो रही है उस निर्माण सम्बन्धी साहित्य के लिये आप कागज का कोटा उपलब्ध करायेंगे उन संस्थाओं को, प्राइवेट लोगों को न करायें, लेकिन टैक्स्ट बुक्स के लिये और संस्थाओं को तथा सरकारी क्षेत्र में आप कागज उपलब्ध कराएं।

इस सम्बन्ध में मुझे मालूम हुआ है कि आपको बहुत सी प्रिंटिंग मशीनें मिली हैं। अगर यह सही है तो जरा खोल कर देखें बहुत सी मशीनें बन्द ही पड़ी हुई हैं जब कि मशीनों की बहुत कमी है देश में और प्रिंटिंग का काम देश में बहुत बढ़ रहा है।

सांस्कृतिक क्षेत्र में मैं कुछ चर्चा करना चाहता हूं। आपकी बहुत सी अकादमियां हैं पुराने भी बिगड़े हुए रईस थे उनके यहां ज्योतिषी से लेकर नाचने वाली तक रहा करती थी, ताकि दरबार की शोभा पूरी रहे। अंबी भी तो मिडीवियल पिरियड के इतिहासकार हैं। इन अकादमियों ने रईसों वाला वातावरण जुटा लिया है। इनका कोई कामधंधा नहीं है। आप इनका पोषण करते चले जा रहे हैं और रिपोर्ट पर रिपोर्ट लेते चले जा रहे हैं। इनका कोई उद्धार आप नहीं करने जा रहे हैं जब कि पत्रों में भरमार है कि यह कोई काम नहीं कर रही हैं।

अन्त में मैं बहुत विनम्रपूर्वक कहना चाहूंगा कि शिक्षा में जो आप संख्या से गिन रहे हैं या सांस्कृति के क्षेत्र में जो आप काम करना चाहते हैं पैसे से वह पैसे के माध्यम से काम नहीं हो सकता है। काम हो सकता है भीतर, अन्तरात्मा में जागृति उत्पन्न करने से और अन्तरात्मा में जागृति उत्पन्न बंधनों के द्वारा नहीं हो सकती बल्कि जो स्वतः प्रभाव होगा उसके माध्यम से हो सकती है। तो ऐसे प्रभाव के जो स्रोत हैं वह आप धीरे-धीरे बन्द करते जा रहे हैं नियमों और बन्धनों की मर्यादाओं से। इसके उठाने का काम पहले किया जाये क्योंकि आप देखेंगे कि जो प्रतिभायें अपने से चमक रही हैं जैसे पेंटिग के क्षेत्र में आपको ले जाता हूं बड़े अच्छे अच्छे पेंटर्स हैं देश में लेकिन उनको महत्व नहीं दिया जा रहा है क्योंकि वह दिल्ली दौड़ कर नही आते हैं और आप की अकादमियों में काम करने वालों की दरबारगीरी नहीं करते हैं। और उनकी कला जब जनता में जाती है तो वह पढ़े लिखे नहीं हैं क्योंकि उनकी भाषा क खहरा नहीं है बल्कि और कुछ है। तो वह सड़क पर मारे-मारे फिरते हैं और गरीबों में पैदा होते हैं और गरीबी के भीतर मर जाते हैं।

प्राइमरी शिक्षा के बारे में एक बात और कहना चाहता हूं कि प्राइमरी स्कूलों में जो अध्यापक हैं वह समाज के जो रिजेक्टेड लोग हैं जिनको कहीं काम नहीं मिलता है उन्होंने धीरे से ट्रेनिंग ले ली है हम से आप कह कर भर्ती हो गये हैं और वह टीचर हो गये हैं। मैं यह चाहता हूं कि उनकी पुनर्ट्रेनिंग की व्यवस्था की जाये और पुनर्ट्रेनिंग कम-से-कम अगले वर्ष एक डेढ़ हजार टीचर्स को दीजिये और वह अपने यहां जा कर दूसरे टीचर्स को ट्रेनिंग और यह सिलसिला इतना व्यापक कर दिया जाये कि पांच साल के भीतर प्राइमरी स्कूल का कोई टीचर न हो ऐसा जिसको आधुनिक शिक्षा का आधुनिक व्यवस्था का ज्ञान न मिल गया हो।

हिन्दी के सम्बन्ध में सेठजी नहीं हैं इसलिये मैं निवेदन करना चाहूंगा कि हिन्दी का काम आप बड़ी लगन से कर रहे हैं। यह सही है। लेकिन साइंटिफिक कमीशन में आखिरकार कोई उसका चेयरमैन या डायरेक्टर कभी आप देंगे या वह भी फाइल में ही खो जायेगा डायरेक्टर भी? या उसकी कोई सुचारु व्यवस्था आप करेंगे या नहीं करेंगे यह मैं जानना चाहता हूं। दूसरे हिन्दी की उन संस्थाओं को जैसे अभी एक मित्र ने बताया कि कम्पेरेटिव ग्रामर के लिये साढ़े चार लाख रु० यू० जी० सी० ने दिया काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को। म जानता हू कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय कम्पेरेटिव ग्रामर नहीं तैयार कर सकता क्योंकि उसके पास वर्कशाप नहीं है। अपात्र है एक तरह से। कोई विश्वविद्यालय तैयार नहीं कर सकता जब तक कम्पेरेटिव ग्रामर के लिये बहुत बड़ी लाइब्रेरी और हस्त लेख न हों। लाइब्रेरी तो है लेकिन प्राचीन पुस्तकें नहीं है। तो पात्र देखकर अनुदान दीजिये। जो जिस काम के लायक हो उसको वह अनुदान दीजिये। आप घुड़साल में गधे को बांधना चाहते हैं और गधे के आश्रम में घोड़े को बांधना चाहते हैं। यह चीज बन्द कीजिये। और पात्र कौन है इसका इतिहास है आपकी एजूकेशन मिनिस्ट्री में 25 वर्ष से देश में हैं सैकड़ों वर्ष से। तो पात्र के अनुसार काम लेने की बात सोची जाये। केवल इसलिये काम न ले लिया जाये किसी से कि वह बहुत बड़ा सफेद हाथी है इसलिये उसको चलाया जाये।

आप देखेंगे कि आप के मंत्रालय और अन्य मंत्रायों में हिन्दी का काम हो रहा है और साहित्य रचना का काम हो रहा है। लेकिन उस में किसी प्रकार का कोई कोआर्डिनेशन

[श्री सुधाकर पान्डे]

नही है । उक्त साहित्य की रचना के लिये चाहे किसी भी मत्रालय मे हो, उस के लिये ग्राप एक कोग्रार्डिनेशन कमेटी बनाइये ग्रपनी ग्रौर से ग्रौर उन मत्रालयो को समझा लीजिये कि वह कितना इस मे योगदान करते हैं । ग्रौर उन्हे एक रूप दीजिये ।

सरकार के जो प्रकाशन है वह बिकते नही है । ग्रौर साक्षरता का प्रचार होने जा रहा है देश मे । यदि सरकारी प्रकाशनो को बेचने की सुचारु व्यवस्था देश में नही की गई ग्रौर वे गूदड़खाने मे जाय, जैसे गाधी साहित्य 8 10 हजार छपता था वह ग्रब दो, तीन हजार छपने लगा, तो प्राइवेट पब्लिशर्स या सस्थाये ग्राप का विश्वकोष छाप कर खत्म कर दें ग्रौर सरकार छाप कर दो, तीन हजार प्रतिया भी न बेच सके यह ग्राश्चर्य की बात है । इस के लिये मैं चाहता हू कि नवयुवको को जगाइये ग्रौर उन्हें कमीशन एजेन्ट बनाइये । गाव गाव में उन को ऐजन्ट बनाइये । इस से बेकारी की समस्या भी दूर होगी ग्रौर वह ग्राप को भी देंगे तथा गांव के विद्यालयो को भी देंगे ।

इस के साथ साथ मैं चाहता हू कि जो भ्रष्ट साहित्य ग्रा रहा है उस पर किसी प्रकार रोक लगा सकें तो ग्रच्छा हो । मैं जानता हू कि ग्राप का संविधान बडा व्यापक है, ग्रौर ग्रब यह स्थिति हो गई है कि जो सर्वोदयी लोग हैं उन के ग्रखबारों मे यदि ग्रभिनेत्री का चित्र नही छपता सीना उघार कर नही छपता तो उन की बिक्री नहीं होती । तो ऐसे लोगो पर कुछ रोक टोक लगा सकें, या उन के कागज का कोटा कम कर सकें तो बड़ी कृपा होगी ।

यह कुछ सुझाव मैंने दिये हैं, मंत्री जी उन का उत्तर दें या न दें, लेकिन मैं चाहता हूं कि उन का कार्यान्वयन क तो देश का बड़ा भला होगा।

श्री ग्रार० वी० बड़े · (खरगोन) सभापति, शिक्षा के बारे मे ग्रौर इस मत्रालय की मांगों के बारे मे मैं ग्रपने कुछ विचार प्रकट करना चाहता हूं । मैं तो ग्रादिवासी क्षेत्र से ग्राता हूं जहा 62 लाख ग्रादिवासी है । ग्रौर वहा मैं ने देखा है कि उन की जो शिक्षा है वह दो मियां के बीच मे मुर्गी हलाल होने वाली स्थिति में है । उन की शिक्षा का प्रबन्ध केन्द्र ग्रौर प्रान्त के क्षेत्र मे होने से सारा काम बिगड़ रहा है । मेरा निवेदन हैं कि ग्रगर ग्रादिवासियों को ग्राप शिक्षा देना चाहते हैं तो यह काम केन्द्र को ग्रपने हाथ मे लेना चाहिये तभी उन की कुछ प्रगति हो सकती है । मैंने देखा है कि ग्रादिवासियो को कोई नैतिकता नही सिखाते है, उन को वही सिखाते हैं जो हर एक गाव मे एक एक स्कूल मे होता है । वन टीचर स्कूल की प्रथा वहा चलती है । 40 लडके हो गये तो एक टीचर दिया जाता है । इस प्रकार से गाव में स्कूल होता है । मैं ने इस सदन मे एक सवाल पूछा था कि कितनी ऐसी पाठशालाये हैं जिन की ग्रपनी इमारत नही है, रहने के वास्ते मकान नही है ? तो बताया गया कि ग्राकडे मंगा कर ग्राप को बाद मे भेज देंगे । तो जहा जहा ग्रादिवासियों के लिये स्कूल खुले हैं वहा टीचर तो भेजा जाता है, लेकिन वह बिल्कुल बेकार होता है । ऐसे ही बेकार लोगो को टीचर नियुक्त किया जाता है ।

मैं जब दौरा कर रहा था तो मैं ने एक मास्टर से पूछा जो सिगरेट पी रहे थे कि मास्टर साहब क्या चल रहा है? उन्होंने कहा रजिस्टर पर साइन कर दिये हैं, लेकिन सिर्फ चार लडके ग्राते हैं, ग्रौर मैंने तो पोस्ट ग्राफिस मे ग्रर्जी दे दी हैं, वहा ग्रगर नौकरी लग गई तो चला जाऊगा । तो एक तरह से यह स्टेपिंग स्टोन हो गया है, जो कि नही होना चाहिये । कोई टीचर ग्रादिवासियों मे दिलचस्पी नही लेता है, उन टीचर्स को ग्रादिवासियों की भाषा तक नहीं ग्राती । पाठ्य पुस्तकें नहीं हैं, जब मैं ने मध्य प्रदेश शासन में पूछा कि पाठ्य पुस्तकें नहीं मिलती हैं, कापियां नहीं मिलती हैं, जब कि एक एक विद्यार्थी को 10, 10 कापियां चाहियें, इस का कारण क्या है तो उन्होंने कहा कि ग्राज कल कागज नहीं मिल रहा है ।

वे कहते हैं कि पचास पैसे में एक एक्सरसाइज बुक मिलती है हम क्या करें। मैं कहना चाहता हूं कि यह जो किताबें आदि महंगी होती जा रही हैं, इनके बारे में सरकार को कुछ करना चाहिये। सरकार देखे कि ये उचित दामों पर विद्यार्थियों को मिलें उचित दामो पर स्टेशनरी विद्यार्थियों को मिले। आपको देखना चाहिये कि कागज कितने में मिलता है प्रिंटिंग पर कितना खर्च आता है, कितनी कमिशन दूकानदार को किसी किताब को बेचने के लिए दी जाती है और सारा हिसाब किताब लगा करके आपको यह तय कर देना चाहिये कि इतने पैसे में यह किताब मिलेगी। आज तो लोगों को जिस भाव पर, जिस कागज पर कोई किताब या एक्सरसाइज बुक दी जाती है उस कीमत पर उनको लेना पड़ता है। आपको देखना चाहिये कि उचित मूल्य पर लोगों को यह सारी सामग्री प्राप्त हो। इससे शिक्षा का प्रसार करने में आपको सहायता मिलेगी। आदिवासियों में भी तब शिक्षा का प्रसार करने में आपको सहूलियत होगी।

14 hrs.

आदिवासी क्षेत्रों में आपने आज तक एजुकेशन के प्रसार में इसको एक्सटेंसिव बनाने पर ही ज्यादा जोर दिया है। अब समय आ गया है अबकि आपको इसको इंटेंसिव बनाने पर ज्यादा ध्यान देना होगा। आपको आश्रम व्यवस्था, गुरुकुल व्यवस्था की स्थापना करनी होगी। मध्य प्रदेश में कई जगह आश्रम व्यवस्था कर दी गई है। लेकिन कई जगहों पर देखा गया है कि मास्टर तो आते हैं लेकिन स्टुडेंट नहीं आते है। मास्टरों के रहने के लिए भी जगह नहीं होती है। शहरों से या दूरस्थ स्थानों से टीचर जब आते है या वापिस जाते हैं तो उनको बड़ी कठिनाई होती है। अगर आश्रम में ही उनके लिए जगह का प्रबन्ध कर दिया जाए, खाने पीने का प्रबन्ध कर दिया जाए तो बहुत आसानी हो जाएगी। आश्रम में उनकी एजुकेशन भी मिले, मास्टरों के लिए भी रहने के लिए जगह हो, खाने पीने की व्यवस्था हो तो यह एक बहुत बड़ी मेहरबानी आदिवासियों पर होगी। जहा जहां आश्रम पद्धति चल रही है वहां वहां यह बहुत अच्छी चल रही है। मध्य प्रदेश में आप तीस रुपये लडकों को देते है। इस में उनका गुजारा नहीं होता है। महाराष्ट्र में चालीस रुपये देते है। महाराष्ट्र के लोग आए थे और प्रधान मंत्री से मिले थे। मैं भी उनके साथ गया था। उन्होंने सौ रुपये की मांग की थी। प्रधान मंत्री ने कहा था कि मैं देखूंगी। मैं शिक्षा मंत्री से कहूंगी कि इस राशि को तीस और चालीस रुपये से बढ़ा कर आप सौ रुपये कर दें। ये सब बातें है जिन की तरफ आपको ध्यान देना होगा। नहीं तो जैसा अब है कि आदिवासी लोग कहते है कि अगर उनका लड़का स्कूल चला गया तो उनके ढोर कौन पालेगा, बकरी कौन पालेगा यह चीज चलती रहेगी और जो उन में शिक्षा प्रसार करना चाहते हैं नही कर पाएंगे। उन लड़कों को यदि आप आश्रम में रखेंगे, वही उनके खाने पीने की, रहने की तथा दूसरी व्यवस्थायें करेंगे तो वे लोग आनन्द से वहां अपने बच्चों को भेज देंगे। अब आपको एक्सटेंसिव पर ज्यादा न जोर दे कर इंटेंसिव पर देना चाहिये। आप एक स्कूल, उसके बाद दूसरे गाव मे दूसरा और तीसरे में तीसरा खोलते जाते हैं। लेकिन वे चलते नहीं है। मैं समझता हूं कि आश्रम व्यवस्था, गुरुकुल व्यवस्था आप चालू करेंगे तो बहुत अच्छा रहेगा।

जहां तक एडल्ट एजुकेशन का सम्बन्ध है, आपने रिपोर्ट में कहा है :

"The services of a large number of college students will be utilised for the programme. Every effort will be made to ensure that college students who are desirous of contributing to the national effort in these areas are provided the opportunity and assistance for making at least 5 persons literate before they obtain the first degree."

[श्री आर० बी० बडे]

यह जो व्यवस्था आपने की है कि पाच आदमियो को वह पढाए यह है तो अच्छी लेकिन देखना है कि वह ऐसा कर पाएगा और लोग पढने के लिए आएगे ? मध्य प्रदेश मे इस काम के लिए आप एक डिस्ट्रिक्ट मे साठ हजार रुपये खर्च करते है, एडल्ट एजुकेशन पर करते हैं। वहा होता क्या है। मास्टर बैठा रहता है, लालटेन जला देता है लेकिन कोई पढने के लिए नही आता है। वह वहा बीडी पी कर वापिस चला जाता है। मैंने इसके बारे मे पूछताछ की। वे कहते हैं कि हमने प्रचार किया लेकिन कोई आता ही नहीं है। अब जो पैसा इसको खर्च तो करना ही है। इसलिए हमने एडल्ट एजूकेशन का बोर्ड लिख कर लगा दिया है। आपको देखना चाहिये कि यह स्कीम सकसेसफूल हो। इसके बजाय अगर आप यह कर दे कि दी मैंन शूड टीच हिज वाइफ और ईच ब्रदर शूड टीच हिज सिस्टर और इस तरह से काम चले तो काम ज्यादा अच्छी तरह से चल सकता है।

आपको जो पाठ्यक्रम है, जो पुस्तके पढ़ाते हैं, उसको भी देखना चाहिये। मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि सधवा मे बनवासी राम आश्रम है और जसपुर मे बनवासी कल्याण परिषद है। वहा पर साथ साथ में रामायण महाभारत पढ़ाते हैं, पूजा पाठ कराते हैं, नीति के पाठ पढाते हैं और उसके साथ साथ शिक्षा भी देते हैं। इस प्रकार से आप भी करेतो ज्यादा अच्छा होगा। फिर उनके पढाने का तरीका भी बहुत अच्छा है। श्री ऐसे सिखातें हैं कि एक बहुत बड़ा बाबा रहता है श्रीमन्त आदमी का उसका द्वार जैसा रहता है उसके बाहर गणपति रहता है और उसमे से हो कर श्री निकलते हैं, गणपति का मदिर होता है उसको कहते हैं और जो मयूर ऊपर रहता है उसको ष कहते हैं, इस प्रकार से श्री गणेश सिखाते हैं। इस प्रकार से जो वे पाठ्यक्रम तैयार करते हैं, इनको भी आपको देखना चाहिये और आपको भी इस तरह से सिखाना चाहिये।

आजकल लड़को मे असन्तोष पैदा हो रहा हैं। यह कहा जाता है कि उनको पालिटिक्स मे हिस्सा नही लेना चाहिये। लेकिन आप देखें कि जब कौरवो और पाडवो की लडाई चल रही थी तो लडाई कैसे की जाए इसको देखते हुए अभिमन्यु को भेज दिया गया था, उसी तरह से आजकल जो हालात देश मे व्याप्त है उन मे अगर लडके दिलचस्पी न ले और आगे न आए तो क्या करे ? जब उनकी बात को सुना नही जाता है उनकी शिकायते अनसुनी चली जाती हैं और उनको दूर नही किया जाताहै तो वे आगे न आए तो क्या करे? जब सफोकेशन होता है, अनाज आदि नही मिलता है, आप व्यवस्था को ठीक नही कर पाते है तो वे जब जलूस बना कर निकलते है तो लडके ही तो होते है और उन मे से कुछ शरारत भी कर बैठते हैं। आपका उनकी कठिनाइयो को दूर करना चाहिये। उनको पालिटिक्स मे भाग लेना चाहिये। इस प्रकार की पालिटिक्स उनको सिखाई जानी चाहिये जिससे देश आगे बढ सके। जब मा बाप भी कुछ नही कर सकते है तो लडके क्या करे, उनको आगे आना पडता है और मा बाप को कहना पडता हैं कि आप एक तरफ बैठ जाए हम इसको देख लेंगे।

जो कुछ नियुक्तिया कालेजों आदि मे होती हैं उनको भी आपको देखना चाहिये। पी ए सी की 105 वी रिपोर्ट मेरे पास है। यह आई० टी० आई० मे नियुक्तियों के बारे मे है। इसमे भ्रष्टाचार, भाई भतीजावाद बरता गया है मिनिस्ट्री मे यह रिपार्ट गई है। उन्हाने जवाब दिया है। इसको देखने की जरूरत है। इस रिपार्ट मे कहा गया है :

"The committee are not satisfied with the explanation of the Ministry. The fact remains that the Ministry did not follow up with the IIT regarding the review of the recruitment of non-teaching staff as suggested by them in 1968. It has also not been brought out that the budgets of the Institute after 1968 were in fact scrutinised

having specific regard to this requirement. The committee, therefore, is constrained to await the results of the examination of the staffing pattern of the Institute with a view to laying down suitable norms for the employment of non-teaching staff as recommended in para 2.13 of the 95th Report."

उसका कारण यह है कि अस्सी परसेंट एप्वाइंटमेंट्स ऐसी हुई हैं जिन में क्वालिफिकेशज का कोई ध्यान नहीं किया गया है। इसका जो विवरण दिया गया है वह भी बहुत रोचक है :

"The committee are surprised to learn that as many as 80 appointments had been made by the Director of the Indian Institute of Technology, New Delhi, during the period 1964-65 to 1972-73 although the appointees did not possess the prescribed qualifications. It is surprising that the Board's approval for relaxation of qualifications has not been taken all these years It is only after the committee raised this point that the Government have requested the Institute to obtain ratification of the competent authorities"....

The extend of unauthorised relaxation of the prescribed qualifications can be seen from the fact a number of matriculates had been appointed as UDC's although only Graduates could be appointed. Further, a person who had passed only 6th class had been appointed to the post of library Assistant which required a Matriculate with requisite training. Another person possessing a middle school qualification has been appointed to the post of Technical Assistant which required a person with Intermediate Science or Diploma/Degree. In yet another case a person who had passed only 3rd standard had been appointed to a post which required a Diploma/Degree. Although only a Graduate could be appointed as P.S. to Director, a person with only Matriculation qualification was appointed to the post."

नियुक्तियों में इस प्रकार की अनियमिततायें बरतना अगर भाई-भतीजावाद नहीं है, तो और क्या है? कमेटी ने बताया है कि हिमाचल प्रदेश के एक डिसमिस्ड व्यक्ति को नियुक्त कर दिया गया। हिमाचल प्रदेश से यह सूचना मिली कि वह एक डिसमिस्ड कर्मचारी है और ऐसे आदमी को काम पर नहीं लगाना चाहिए। लेकिन इस बात को नहीं माना गया, बल्कि उस को प्रोमोशन दिया गया। इस बारे मे सी०बी०आई० ने केस रजिस्टर किया है।

इस रिपोर्ट मे कहा गया है

"The Institute has decided that—

(a) In future no appointment shall be made by relaxing the prescribed qualification without prior approval of the competent authority."

But what about the appointments made so far?

ऐसे अस्सी लोगों को नियुक्त किया गया है, जिन की निर्धारित क्वालिफिकेशन्ज नहीं है। उन को क्यों रखा गया है? क्या यह भाई-भतीजावाद नहीं है? क्या उन लोगों को सिफारिश के आधार पर नौकरी दी गई है? इस बात को न आई०आई०टी० के अफसरों के देखा और न मन्त्रालय ने देखा। पी०ए०सी० ने इस बारे में एक्सप्लेनेशन मांगा, लेकिन मन्त्रालय ने कोई जवाब नहीं दिया है।

कमेटी ने फिर कहा है :

"The reply of the Ministry does not suggest that responsibility for

[श्री आर० बी० बड़े]

the lapse in not even obtaining the approval of the Board of Governors for the relaxation has been fixed. The Committee would like to reiterate that this should be done forthwith.

The nature of the investigation suggested by the Committee which involves the Director of the Institute cannot obviously be done by a Committee consisting of a Professor, a Lecturer and an Assistant Professor of the same Institute. The Committee would, therefore, stress that the investigation should be done by an independent and a fairly high-level Committee."

मन्त्री महोदय ने पी०ए०सी० की रिपोर्ट को बहुत लाइट्ली ट्रीट किया है। जब मैं पी०ए०सी० की रिपोर्ट और मिनिस्टर साहब के जवाब को देखता हूं, तो मालूम होता है कि इस मिनिस्ट्री को पी०ए०सी० के रिमार्क्स की कोई परवाह नहीं है। मैं समझता हूं कि अगर मन्त्री महोदय ने पी० ए०सी० की रिपोर्ट पर समुचित ध्यान नहीं दिया, तो वह उचित नहीं होगा।

शासन की इसी प्रकार की नीतियों के कारण नौजवानों के मन में शासन के प्रति गुस्सा उत्पन्न होता है। जब पालियामेंट और विधान सभाओं में ये प्रश्न उठाये जाने पर भी शासन अपनी नीति में सुधार नहीं करता है, तो नौजवानों के मन में सफ्रोकेशन और घृणा पैदा होती है और तब उन के पास जो कोई भी साधन होता है, उस के द्वारा वे अपनी आवाज उठाते हैं। यह सरकार छात्रों को सैटिसफाई करने का प्रयत्न नहीं करती है, और जब उन में आक्रोश उत्पन्न होता है और वे कोई आन्दोलन करते हैं, तो वह पोलिटिकल पार्टियों को दोष देती है।

अन्त में मैं कहना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश में आदवासी एरिया में रहने वाले 65 लाख लोगों में गुरुकुल शिक्षा-पद्धति को लागू किया जाये।

**श्री विभूति मिश्र (मोतीहारी)** : उपाध्यक्ष महोदय, मैं शिक्षा मन्त्रालय के अनुदानों का हार्दिक स्वागत और समर्थन करता हूं। शिक्षा के सम्बन्ध में मैं ने एक निजी प्रस्ताव दिया था, लेकिन वह इस सदन में पेश नहीं किया जा सका उस प्रस्ताव का आशय यह था कि हमारी शिक्षा पद्धति ऐसी होनी चाहिए, जिस से लोगों में राष्ट्रीयता, डिसिप्लिन और देश सेवा की भावना उत्पन्न हो।

चूंकि शिक्षा का विषय एक स्टेट सबजेक्ट हैं, इस लिए भिन्न भिन्न स्टेट्स में भिन्न भिन्न प्रकार की शिक्षा प्रणालियां हैं। मैं समझता हूं कि एसी स्थिति में हमारा देश एक नहीं रह सकता है। देश को एक बनाये रखने के लिए यह जरूरी है कि शिक्षा को केन्द्रीय सबजेक्ट बनाया जाये। आज कहीं हिन्दू स्कूल हैं, कहीं मुस्लिम स्कूल हैं और कहीं ईसाई स्कूल है। न जाने कितने धर्मों के स्कूल चल रहे हैं और कितने प्रकार की शिक्षा संस्थायें काम कर रही हैं। अगर देश की एकता को कायम रखना है, तो केन्द्रीय सरकार को शिक्षा को अपने हाथ में लेना चाहिए और सारे देश में एक तरह की शिक्षा देने की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि देश का इनटेग्रेशन हो। अगर ऐसा नहीं किया जायेगा, तो देश का इनटेग्रेशन खतरे में पड़ जायेगा। अगर वर्तमान अवस्था जारी रही, तो कुछ समुदायों के लोग शिक्षा पायेंगे और अन्य समुदायों के लोग शिक्षा नहीं पा सकेंगे। इस का नतीजा यह होगा कि जहां के लोग शिक्षा नहीं पा सकेंगे, वहां उभार और क्रान्ति होगी।

जब गांधी जी ने अंग्रेजों की शिक्षा संस्थाओं के बहिष्कार का आन्दोलन चलाया, तो उस समय राष्ट्रीय शिक्षा के क्षेत्र में मेरा

प्रवेश हुआ। मैं ने एक राष्ट्रीय स्कूल में—काशी विद्यापीठ में—शिक्षा पाई। मैं आजन्म देश-सेवक रहा, और आगे भी रहूंगा। उस राष्ट्रीय स्कूल में शिक्षकों और विद्यार्थियों में कोई भेद नहीं था—दोनों एक तख्त पर बैठते थे, एक साथ रहते थे और एक साथ खाते-पीते थे। उन में जाति और धर्म के आधार पर कोई भेद-भाव नहीं था। यदि उस तरह की शिक्षा आज दी जाती, तो देश में ऐसी परिस्थिति पैदा न होती, जिस का सामना आज हम को करना पड़ रहा है।

जैसा कि श्री सुधाकर पांडे ने कहा है शिक्षा पर किया जाने वाला खर्च 7 परसेंट से कम कर के 4.6 परसेंट कर दिया गया है। मन्त्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में 76 000 लोग बेकार हैं। लेकिन मेरा खयाल है कि हमारे देश में बेकारों की संख्या लगभग डेढ़ करोड़ है। इस बेकारी को दूर करने के लिए 30 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मैं समझता हू कि इस रकम से यह समस्या हल होने वाली नही है।

मैं चाहता हूं कि हमारे देश में शिक्षा को अनिवार्य और मुफ्त किया जाये। जब तक ऐसा नही किया जायेगा, तब तक देश का कल्याण नहीं होगा। आज हमारी शिक्षा पद्धति बहुत दोषपूर्ण है, जिस के कारण केवल थोड़े से लोगों के बच्चे देश या विदेश में शिक्षा प्राप्त करते हैं, और फिर वे आ कर हम लोगो के शासक बन जाते हैं। देश के बाकी सब लोगों की स्थिति शासितों की होती है। हम देखते हैं कि स्वाधीनता के के बाद शिक्षा के क्षेत्र में उन्हीं लोगों का प्रभुत्व है, जो स्वाधीनता से पहले रीएक्शनरी थे और उन्हीं रीएक्शनरीज का सरकार पर ज्यादा असर है, जब कि रेवोल्यूशनरी लोगों का असर बहुत कम है। एक तो हमारे देश का माध्यम अंग्रेजी रखा गया है और दूसरे, सारी शिक्षा पद्धति एलीट लोगों के हाथ में है। आज हमारे देश में 9 करोड़ बच्चे पढ़ रहे हैं और 5 करोड़ अभी पढ़ने वाले हैं। मैं चाहता हूं कि इन 14 करोड़ बच्चों के लिए अनिवार्य और मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था की जाये।

जहां तक शिक्षकों का सम्बन्ध है, पहले तो उन को नौकरी नहीं मिलती है, और अगर नौकरी मिल जाती है, तो उन्हें पर्याप्त वेतन नहीं दिया जाता है। आज तो हालत यह है कि जिस को कोई काम नहीं मिलता है, वह शिक्षक बन जाता है। पहले शिक्षकों की जो इज्जत थी, वह आज नहीं है। इस लिए यह बहुत आवश्यक है कि प्राईमरी स्कूलों से लेकर विश्वविद्यालयों तक के सब शिक्षकों को उचित वेतन और उचित सहूलियतें दी जायें, ताकि वे भविष्य के अच्छे नागरिक तैयार कर सके। यह भी जरूरी है कि सभी स्तरों के शिक्षकों को देश में, और यदि आवश्यक हो, तो विदेशों में भेज कर उचित ट्रेनिंग दी जाये, ताकि वे हमारे छात्रों को इस देश के लायक शिक्षा दे सके। जब तक ट्रेनिंग स्कूल बना कर सभी अध्यापकों को उचित ट्रेनिंग नहीं दी जायेगी और जरूरी सहूलियतें नहीं दी जायेंगी, तब तक वे अपना काम ठीक प्रकार से नहीं कर सकेंगे।

इसी तरह विद्यार्थियों के रहने के लिए हॉस्टल्ज होने चाहिए, उन को पुस्तकें मिलनी चाहिए और उन के खाने की उचित सुविधा होनी चाहिए। लेकिन आज से सब सुविधायें उपलब्ध नही हैं। सरकार विश्व-विद्यालय और कालेज खोल देती है, लेकिन विद्यार्थियों के रहने के लिए हॉस्टल में जगह नहीं है, लाइब्रेरी नहीं है, किताबें नहीं है। इस स्थिति में हमारे देश में शान्ति कैसे रह पायेगी ?

[श्री विभूति मिश्र]

हमारे जिले में एक डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट ने एक मीटिंग में बताया कि बड़े बड़े लोगों के बच्चों को फर्स्ट डिविजन में पास कराया जाता है और फिर पब्लिक सर्विस कमीशन के माध्यम से उन्हीं का नौकरियां भी मिलती हैं। अगर योग्य छात्रों को सैकंड या थर्ड डिविजन में पास किया जाये, तो उन को नौकरी नहीं मिल सकती है। इन कारणों से छात्रों में उत्तेजना और असंतोष पैदा होता है।

आज बिहार में जो परिस्थिति है, उस से घबराने की जरूरत नहीं है। गांधी जी ने भी स्कूल-कालेजों का बायकाट कर के छात्रों का ही उपयोग किया था। अगर विद्यार्थियों को सब सहूलियतें नहीं दी जायेंगी तो उन में असंतोष फैलेगा और पालीटिकल पार्टीज उस का फायदा उठायेंगी। इस से आप घबराइए नहीं। नौ करोड़ लोग आज शिक्षा पाते हैं। यह नौ करोड़ की मिलटिरी आप के हाथ में है। आप की सारी मिलिटरी केवल 9 लाख है और यह नौ करोड़ की मिलिटरी है। जब तक आप इस असंतुष्ट मिलिटरी को संतुष्ट नहीं करेंगे तब तक देश में चैन नहीं रहेगा। दुनिया में जहां-जहां भी क्रान्ति हुई है सभी जगह छात्रों ने क्रान्ति की है। आप भी प्रोफेसर रह चुके है, आप इस बात को जानते होंगे। असहयोग आन्दोलन जब शांति-पूर्वक नहीं रहता है तो हिंसात्मक क्रांति हो जाती है। फ्रेंच रेवोल्यूशन जिस ने पढ़ा है उस ने देखा होगा कि अहिंसा से होते होते हिंसात्मक क्रान्ति कैसे हो जाती है। यह क्यों होता है ? यह देखते हैं कि फलां का लड़का अच्छे स्कूल में पढ़ कर हमारा शासक बन गया और फलां के लड़के को शिक्षा नहीं मिली तो शासित हो गया। उस को नौकरी नहीं मिल रही है, वह बेकार है। आप की रिपोर्ट है कि 76 हजार लोग बेकार हैं। मेरा ख्याल है कि यह रिपोर्ट गलत है। डेढ़ करोड़ लोग हिन्दुस्तान में बेकार है। जब इतने बेकार लोग देश में हैं और आप की शिक्षा पद्धति ऐसी है कि वह आदमी को कोई काम करना नहीं सिखाती। कलर्क की जरूरत तो आज रही नहीं। आप की शिक्षा पद्धति जाब-ओरिएंटेड होनी चाहिए। अभी चाइना के बारे में रिपोर्ट निकल रही है। आप उस को पढ़ें। वहां की शिक्षा पद्धति ऐसी है कि वहां बेकार नहीं हैं। लेकिन हमारे यहां की राज-काज व्यवस्था जैसी है और जिस तरह के लोग हैं वह चाहते है कि शिक्षा पद्धति में कोई सुधार नहीं हो और लोग बेकार रहें। वह हाहाकार करते रहें और थोड़े से लोग जो शिक्षा विभाग में या प्रशासन में हैं उन्हीं के आदमी, उन्हीं के लड़के गद्दी पर बैठें और राज करते रहें। मैं कहता हूं कि आप गद्दी पर बैठे नहीं रह पाएंगे और राज नहीं चला पाएंगे। देश में क्रान्ति अवश्यम्भावी है। इसलिए मैं चाहूंगा कि शिक्षा पद्धति को केन्द्र अपने हाथ में लेले और ले कर के विद्यार्थियों के लिए और शिक्षकों के लिए दोनों के लिए अच्छी व्यवस्था करें।

एक बात और है कि जितने राजदूत अमेरिका से आते हैं वे सब प्रोफेसर आते हैं । हमारे यहां का क्या कोई प्रोफेसर जाता है ? या तो सर्विस क्लास के आदमी का भेजेंगे नहीं तो मुश्किल से किसी पालिटिशियन को भेजेंगे। मैं पूछता हूं कि क्या सम्मान हमारे शिक्षकों और प्रोफेसरों को आप देते हैं ? हमारी सरकार क्या मान उन को देती है ? कोई मान नहीं देती है । प्रोफेसर या मास्टर जो हैं उन को हेय दृष्टि से देखती है, उन को हेय समझती है और यह चीज हमारे पालिटिशियन्स ने कायम की है । लेकिन जब प्रोफेसर और टीचर विद्यार्थियों को भड़का देते हैं, इस समय दोनों एक हैं, जब दोनों भड़क जाते हैं और इस समय भड़के हुए हैं तो अब इन की जान पर आ रही है । कोई बाहर नहीं निकल रहा है । मैं चाहता हूं कि जो विद्यार्थी हैं उन से बातचीत की जाय । मैंने उस दिन कहा था और हमारे पार्लियामेंट्री अफेयर्स के मिनिस्टर बैठे हुए है उन से मैंने मांग की थी कि बिहार के शिक्षकों और छात्रों के प्रतिनिधियों को बुला कर के यहां प्रधान मंत्री और शिक्षा मंत्री उन से बात करें कि उन की क्या कठिनाई है और उन को कैसे सरकार दूर कर सकती है। लेकिन यह आज तक नहीं हुआ और अब यह कहते हैं कि साहब, वह तो कुछ कहते ही नहीं हैं। वह केन्द्र का विषय है । अगर आप कहते हैं कि स्टेट का सबजेक्ट है तो कहीं विद्यार्थी या टीचर गड़बड़ करते हैं तो मिलटिरी क्यों भेजे देते हैं ? वह भी तो केन्द्र का विषय है । पुलिस को उन का मुकाबला करने दीजिए। लेकिन दबाने के लिए चीफ मिनिस्टर का अधिकार है कि मिलिटरी को काल कर ले । मगर इस के लिए उन से बातचीत की जाय और उन की समस्याएं हल की जायं इस के लिए आप कह देते हैं कि स्टेट सबजेक्ट है । इसलिए जरूरत इस बात की है कि केन्द्र को शिक्षा के ऊपर ज्यादा ध्यान देना चाहिए ।

ट्रेनिंग स्कूल आज ठीक तरह से नहीं चलते । सैंटर की हालत यह है कि हमारे यहां केन्द्रीय विद्यालय हैं, ये केन्द्रीय विद्यालय गावों में नहीं शहरों में खोले जाते हैं और सरकारी नौकरों के लिए खोले जाते हैं । मैं पूछता हूं केन्द्रीय विद्यालयों में सरकारी नौकरों के ही बच्चे क्यों पढ़ेंगे ? यह तो कांस्टिट्यूशन के खिलाफ है । सोशल जस्टिस इस में नहीं है । ये क्यों शहरों में खोल दिये जाते हैं और गांवों में नहीं खोले जाते ? श्री अजित प्रसाद जैन ने एक आर्टिकल लिखा है जिस में उन्होंने बताया कि अर्बन लोगों को ज्यादा सहूलियत मिलती है और गांव वालों को कोई सहूलियत नहीं मिलती है । अर्बन चीजों की कीमत ज्यादा होती है और गांव वालों को कहेंगे कपूर साहब कि 100 रुपये क्विंटल में तुम अपना गेहूं दे दो नहीं तो घर में घुस कर निकाल लेंगे ।

**श्री सतपाल कपूर** (पटियाला) : मैंने तो 110 रुपये की बात कही थी, बल्कि 115 रुपये देने के लिए कहा था ।

**श्री विभूति मिश्र** मेरे कहने का मतलब यह है कि गाव वालों को तरजीह देनी चाहिए। मैं यह कह रहा था कि गावों मे केन्द्रीय सरकार को केन्द्रीय विद्यालय खोलने चाहिए।

एक बात और कहना चाहता हू कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय हर जगह होने चाहिए। बिहार मे एक भी सैंट्रल गवर्नमेंट का विश्व-विद्यालय नही है। केन्द्रीय विश्वविद्यालय खोलने से लोगों को सहूलियत होती है। लेकिन केन्द्रीय सरकार केन्द्रीय विश्वविद्यालय नही खोलती है।

आप हायर एजूकेशन पर रोक लगाये जा रहे है। किस के लिए? गरीब के लिए क्यों कि धनी आदमी के लडके तो हायर एजूकेशन पा लेगे और गरीब आदमी के लड़के नही पाएगे। आप गुरुकुल के जैसी पुरानी प्रथा मे पढाइए जहा राजा और रंक दोनों के लडके एक जैसे पढे और उस मे जो फर्स्ट सैकड स्टैंड करे उस को हायर एजूकेशन दीजिए। लेकिन वर्तमान पद्धति से जो आप हायर एजूकेशन देने जा रहे हैं उस के माने यह है कि कितने धनी लोग है जिन को सहूलियत है उन्ही के बच्चे आगे आ पाएगे और उन्ही को हायर एजूकेशन मिलेगी। गरीब के बच्चे जिन को कोई सहूलियत नही है उन के साथ कम्पीट नही कर पाएगे। तो इस तरह से आप हायर एजूकेशन से गरीब को हटाना चाहते है, उस के बच्चे को उस से वंचित रखना चहते है कि वह आगे पढ़े नही। यह गलत बात है। समान सुअवसर देने की बात हमारे संविधान मे कही गई है तो ऐसी शिक्षा संस्थाएं खोलिए जिन मे, सब को समान शिक्षा मिले और उस मे जिस के लडके तेज हों और उन को हायर एजूकेशन मे ले जाइए। सरकार को चाहिए कि हर स्कूलो मे साइकोलाजिस्ट रखे जो यह देखे कि लडके का दिमाग कैसा है, उस का दिमाग किस सबजेक्ट की तरफ जा रहा हैं। उसी के अनुसार उस को उस सबजेक्ट की शिक्षा के लिए भेजिए। कोई साइंटिस्ट बनना चाहता है, कोई इंजीनियर बनना चाहता है, कोई साहित्यकार बनना चाहता है, जिस का जिस तरफ झुकाव हो उस को उस तरह की शिक्षा आप को हर एक स्थान पर देनी चाहिए।

**श्री गंगा चरण दीक्षित** आप ने संख्यात्मक प्रसार जरूर किया है, लेकिन जहा तक गुणात्मक विकास की आवश्यकता है गुणात्मक विकास नहीं किया। आज शिक्षा तन्त्र के चार अंग है—पहला आधारभूत ज्ञान, दूसरा—प्रसारण सामग्री, तीसरा—शिक्षक और चौथा—शिक्षा के अधिकारी छात्र वर्ग। ये शिक्षा-तंत्र के चार अंग होते हैं। जहा तक आधारभूत ज्ञान का सवाल है यह तो आत्म और परात्म चेतना के प्रतीक का नाम है। लेकिन जहां तक प्रसार और प्रसारण का सम्बन्ध है, उसमें वाङमय और साथ साथ जो पाठ्यक्रम हैं, आते और जो भाषा है, वह भी उसमे शामिल हो जाती है। भाषा की आजादी के बिना राजनीतिक आजादी की किसी देश ने भी कल्पना नही की थी लेकिन इस देश मे बिना भाषा की आजादी के राजनीतिक आजादी प्राप्त की है। कोई भी समाजवादी देश या इतर देश ऐसा नही है जिनका शासन जनभाषा मे न चले लेकिन हमारे यहा यह विधि की विडम्बना है कि हम ने आजादी प्राप्त करने के बाद भी हमारा शासन जनभाषा मे नही चलाया। हम समाजवादी प्रणाली को अपनाने जा रहे हैं, लेकिन वह समाजवाद कैसा कि जिसमें जनभाषा के द्वारा हमारा शासन न चलाया जाय।

आज अंग्रेजी भाषा मेधा का पर्याय शब्द माना जाता है। अंग्रेजी ही एक ऐसी भाषा मानी जा रही है जो अन्तर्राष्ट्रीय ज्ञान की खिडकी खोलती है। जो अंग्रेजी नहीं जानता वह गवार कहलाता है। अंग्रेजी कुछ इने-गिने आदमियो को पद देती है, कुछ इने-गिने आदमियो को रुतबा देती है, कुछ इने-गिने आदमियो को अधिकार देती है। जहा तक रुतबे का सवाल है यह अमूर्त तत्व है और अधिकार का सम्बन्ध पैसे से है। आज बड़ी शर्म और लज्जा आती है कि हमारी जनभाषा हमारी लोकभाषा नही हो सकी। आज दुनिया मे कोई भी ऐसी भाषा नही है जो सस्कृत भाषा की बराबरी कर सके। शब्द-साधनिका जो संस्कृत मे है वह किसी भाषा में नहीं है। अगर हम "हार' शब्द को ले लें और उसमे भिन्न भिन्न प्रत्यय लगायें तो भिन्न भिन्न अर्थों के शब्द बन जाते है जैसे—प्रहार, सहार व्यवहार विहार, उपहार। इसी तरह से "कार" शब्द को लें तो इसमे भिन्न भिन्न प्रत्यय जोड़े तो विकार, निराकार, साकार, आकार, तिरस्कार, उपकार जैसे शब्द बन

[श्री गंगा चरण दीक्षित]

जाते है। यह शब्द भारतीय संस्कृति के सिवाय किसी भाषा मे नही है।

मुझे अफसोस हुआ जब हमारे तमिलनाडु के एक सदस्य जो पिछली बार सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय पर बोल रहे थे, उनको इस बात पर आपत्ति थी कि रेडियो से जो भाषा का प्रसार होता है उसमे संस्कृत के अनेक शब्द होते है। लेकिन मुझे आश्चर्य इस बात का हुआ कि उनके नेता का नाम करुणानिधि है। यदि वे अपने नेता का नाम करुणानिधि रख सकते हैं तो करुणा भी संस्कृत शब्द है और निधि भी संस्कृत है। अगर उनके यहां के अखबार का नाम दिग्वाणी है तो दिग् भी संस्कृत है और वाणी भी संस्कृत है। मुझे उनकी बात को सुन कर बहुत अफसोस हुआ। मैं तो यह समझता हू कि तामिल जितनी संस्कृत के नजदीक हैं, उतनी और कोई भाषा नही है। अगर वे अपने नेता को करुणानिधि नाम से पुकार सकते हैं, अखबार का नाम दिग्वाणी रख सकते हैं, तो सूचना और प्रसारण मे थोड़े से शब्द संस्कृत के आ गये तो क्या हुआ। भाषा केवल अभिव्यक्ति मात्र ही नही है, बल्कि वह हमारी मिट्टी की गंध, हमारी ऊर्जा, हमारी जाति-पाति, हमारे संस्कारो मे रसी-बसी है। भाषा के संदर्भ मे जो चरित्र निर्माण होता है उससे देश के नेता पैदा होते हैं।

जहां तक पाठ्यक्रम का सवाल है राष्ट्र की विचारशीलता का यदि कोई मापदण्ड हुआ करता है तो वह है भविष्य में आने वाले नागरिकों को दिया जाने वाला बौद्धिक खाद्य। जो खाद्य दिया जाता है वही राष्ट्र की विचारशीलता मानी जाती है। क्या आज के हमारे पाठ्यक्रम ऐसे हैं कि जिनमे कोई बात ऐसी बताई जावे कि व्यक्ति समाज का अंग है या कि आज व्यक्ति और समाज एक है और व्यक्ति की तरक्की, व्यक्ति का विकास करना आज शिक्षा का पहला कर्त्तव्य होना चाहिए।

सभापति महोदय: अब आप समाप्त कीजिये।

श्री शिव कुमार शास्त्री।

**श्री शिव कुमार शास्त्री (अलीगढ़)** : सभापति महोदय, स्वतन्त्रता के प्रारम्भिक काल से अभी तक प्रत्येक शिक्षा शास्त्री और भारत के मूर्धन्य नेता राष्ट्रपति जी और शिक्षा मंत्री प्रारम्भ से लेकर अब तक के इस बात नीति पर सभी सहमत है कि अंग्रेजों के दिखाये हुए ढर्रे की इस शिक्षा का ढांचा हमारे देश के अनुकूल नही है। अंग्रेजों को अपना काम काज चलाने के लिए कुछ ऐसे बाबुओं की जरूरत थी जो उनकी भाषा समझ लेते और दूसरों पर शासन करने में उनकी सहायता करते। शिक्षा का जो लक्ष्य है कि वह अच्छे आदमी बन जाये, मनुष्य बन जाये, उससे उनको कोई मतलब नही था। शिक्षा का उद्देश्य यह है कि मनुष्य के मस्तिष्क, विचार-शक्ति जग जाये, उसके शरीर का विकास हो जाये और इस तरह के व्यक्ति जिस समाज में इकट्ठे हों तो वे मिलजुल कर अपने देश का कल्याण करे। शिक्षा का उद्देश्य केवल अक्षर सिखाना नहीं है। यदि अक्षर सिखाने से ही मनुष्य शिक्षित और ऊंचा बन जाता हो तो फिर देश में रोना किस चीज का है? आज देश में बड़े-बड़े शिक्षित और योग्य व्यक्ति वे है जो फर्राटे से अंग्रेजी बोलते हैं पर रिश्वत की शिकायत उन्हीं के खिलाफ है। उनके खिलाफ अनेक प्रकार के भ्रष्टाचार की शिकायतें हैं। एक साधारण व्यक्ति दो रोटी हजम नहीं करता लेकिन वह हजारों बोरी सीमेन्ट के हजम कर जाते हैं और लाखों पीपे मिट्टी के तेल के पी जाते है। यह सब शिकायतें बिना पढ़े-लिखे लोगों से नही है बल्कि पढ़े-लिखे लोगों से हैं। इसलिए प्रारम्भ से अब तक यह मांग चली आ रही है और इस पर निरन्तर विचार हो रहा है कि इसमें परिवर्तन किया जाना चाहिए।

पिछले दिनों समाचार-पत्रों में प्रधान मंत्री के कुछ भाषण आये जिसमें उन्होंने कहा कि हमने इस प्रकार की एक पद्धति पर विचार कर लिया है और वह शीघ्र ही क्रियान्वित होगी। लेकिन मैंने उसके विषय में यह विवरण नहीं पढ़ा कि वह पद्धति कैसे तैयार हुई, कौन-कौन शिक्षा शास्त्री बैठे और क्या उन्होंने ढांचा बनाया, उसमें कुछ पुराने अंश भी लिये हैं या दूसरे देशों की ओर देखकर उनकी कुछ अच्छाइयां चुनी हैं—उसकी एक रूप-रेखा या कोई विवरण समाचार-पत्रों में आता तो पता चलता परन्तु वह अब तक नहीं आया। इसलिए देश में इन कारणों से युवा-वर्ग में असंतोष पराकाष्ठा को प्राप्त हो गया है और अब तो विद्यार्थी हिंसा पर उतारू हो गये हैं। बिहार का उदाहरण आपके सामने है। और भी अनेक स्थान है जैसे गुजरात में, जहा असंतोष का कारण और चीजें है वहा उनके साथ-साथ यह भी है कि शिक्षा के ढांचे में परिवर्तन किया जाये। यह कोई अच्छी बात नहीं है कि जब देश की लाखों करोड़ों की सम्पत्ति नष्ट-भ्रष्ट हो जाती है तभी हमारी नींद खुलती है और हम कुछ विचार करने लग जाते हैं। अच्छा यह होगा कि हम इस पर विचार करें और इस प्रकार का शिक्षा का ढांचा बनायें जो केवल अक्षर न सिखाये बल्कि मनुष्य को मनुष्य बनाये। हमने शिक्षा में अब तक कुछ सुधार तो किया नही लेकिन बिगाड़ जरूर कर लिया है।

पहले कुछ नैतिक शिक्षा धर्म की शिक्षा के नाम पर दी जाती थी लेकिन धर्म से हम को चिढ़ है इसलिए उसको हमने निकाल दिया। मैं समझता हू कुछ नैतिक शिक्षा इस प्रकार से होनी अवश्य चाहिए। इस समय होता यह है कि हमारे युवक बेनकेल होते चले जाते हैं, वे किसी अनुशासन को नहीं मानते और न किसी का कहना मानते हैं। एक बहुत बड़े शायर अकबर इलाहाबादी ने ठीक ही लिखा था .

तालीम का शोर ऐसा, तहजीब का गुल इतना
बरकत जो नही होती, नीयत की खराबी है।

जो हमारा लक्ष्य है उसमें कोई न कोई दोष अवश्य है जिसकी तरफ हमें देखना चाहिए लेकिन हम उसकी तरफ से आंखें बन्द किये हुए हैं।

इसके साथ-साथ कुछ और बातें हैं जिनकी तरफ मैं मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हू। आपकी जो स्वीकृत नीतियां है वह भी आपके आचरण और अमल में नही आती। बहुत दिनों पहले से आपने स्वीकार कर लिया है कि जिस प्रान्त में जो मातृभाषा है उसी के माध्यम से वहां पर शिक्षा होनी चाहिए लेकिन ऐसे बहुत कम उदाहरण मिलेंगे जहां विश्वविद्यालयों में वहां की प्रान्तीय भाषाओं में उच्च शिक्षा दी जाती हो। कही अपवाद-स्वरूप हो तो दूसरी बात है। इस ओर जितनी प्रगति होने का नाम होना चाहिए था वह नहीं हुआ है। जहां तक मेरी जानकारी हैं, अभी तक पाठ्य पुस्तकें भी उस प्रकार की तैयार नही हो पाई हैं। मातृ भाषा में शिक्षा देने की जो बात है उसके साथ-साथ कुछ दिनों पहले चंडीगढ़ में शिक्षा शास्त्रियों का एक सम्मेलन हुआ था जिसमें यह कहा गया था कि कुछ नैतिक शिक्षा—उसका नाम हम धर्म पर न रखे, कुछ भी रखें—युवकों और छोटे-छोटे बच्चों में प्रारम्भ से ही अवश्य दी जानी चाहिए ताकि वे अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान हो सकें।

इसके साथ ही साथ एक बात मुझे संस्कृत के विषय में भी कहनी है। आपने जो त्रिभाषा फार्मूला बनाया उसका लाभ किसी को पहुंचा या नही लेकिन संस्कृत को उसने हानि जरूर पहुंचा दी है। जब तीन भाषायें चुनने की बात आती है तो बेचारी संस्कृत छूट जाती है।

[श्री शिव कुमार शास्त्री]

संस्कृत हमारी इतनी पुरानी थाती है। एक बार हमारे संस्कृत परिषद् के कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए आपने स्वयं कहा था कि संस्कृत हमारा वह बहुमूल्य खजाना है जिसकी रक्षा होनी चाहिए। तो रक्षा कैसे होगी? लाइब्रेरी में जो किताबें हैं उनमें दीमक न लगे, उनको कीड़े न खा जायें, वहां पर वह सुरक्षित रहें। लेकिन उनकी रक्षा का यह प्रकार नहीं है बल्कि रक्षा का प्रकार यह है कि संस्कृत का पाठ्यक्रम और संस्कृत की शिक्षा पहले से अधिक बढ़े और तभी यह रक्षित हो सकती है। यदि आप विचार कर देखें तो संस्कृत का पढ़ना घट रहा है। संस्कृत अभी तक जीवित कैसे रही है उसका कारण यह है कि कुछ राजा लोग थे जो पंडितों को श्रद्धावश अपने यहां रखते थे, पाठशालायें खुलवाते थे, विद्यार्थियों के खाने-पीने पर खर्चा करते थे और अध्यापकों को तनख्वाहें देते थे। राजा लोग तो अब रहे नहीं। कुछ सेठ लोग थे जो विद्यार्थियों को पुस्तक दिया करते थे और कुछ क्षेत्रों में विद्यार्थियों के भोजन का प्रबंध करते थे तो सेठों के घरों में भी अब अंग्रेजी पढ़े लिखे हो गये और अब उनको भी संस्कृत के प्रति कोई आदर नहीं है। इसलिए अब तो संस्कृत को जब तक आप सहारा नहीं देंगे आप आश्रय नहीं देंगे तब तक यह सुरक्षित नहीं रह सकती है। इसलिए आप कृपा करके इस ओर ध्यान दीजिये। यह बात निरन्तर कई वर्षों से कही जा रही है पर इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

इन शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

SHRI P. V. G. RAJU (Visakhapatnam): Mr. Chairman, Sir, education is most important for the unity of India and the integration of India. Unity and integration should be the basic feature of our educational structure. In this matter, I would like to congratulate the Government of India. I shall quote from the report which is in my hands It is about introducing a uniform educational structure in India. The report was published by the Government of India in November, 1973. According to this report, we are to have a uniform structure of education throughout the country. 10:2:3 is the structure which was recommended: 10 years for primary and secondary education, two years for pre-university education, and three years for university education. 10:2:3 has been proposed by the Government of India and I think it is a very good idea. I congratulate Dr. D. P. Shukla, who was the Chairman of the Committee for having brought out this report. I will limit my discussion only to this report and its suggestions.

I feel that education should not be a general discussion on everything in the world. Our technical education is normally the whole of knowledge. We must be specific in our discussion, and so far as specific elements are concerned, I feel that after primary, lower secondary and secondary education, we must give a new orientation and direction to technical education, with pre-university education. I find in the report, there is little or no direction about technical education. This is one feature I find.

I would like to make another suggestion. Some years back I think it was in 1963 if my memory does not fail me, in the Education Ministers' Conference which I attended at that time, there as an indirect suggestion that there must be an All India Educational Service. In 1964, the Government of India proposed an All India Educational Service and the matter was referred to all the State Governments. But, I am sorry to say, till now, the All India Educational Service has not been introduced. I would suggest that with the introduction of unified educational structure in India, the All India

Education Service must also be introduced. This will be very easy. Sir, I belong to Andhra Pradesh. I am mentioning Andhra Pradesh because when this question came up in 1964, I was in Andhra Pradesh and I happened to join the discussion. I mention this fact because before this, I was on a long holiday for six months in Chandigarh. I was hurt in a car accident, as my friends know. I was out of touch for some time. But, when it come up, I said this in Andhra Pradesh and I repeat it here. We have accepted the three language formula throughout the country, namely, English, Hindi and the regional or local language, whatever may be the language. It may be Telugu in Andhra Pradesh, it may be Marathi in Maharashtra, it may be, Bengali in West Bengal and so on. A person who becomes a member of the All India Educational Service, will be proficient in English and Hindi, which will be common throughout the country, and therefore, his services can be utilised in whichever district he is posted in the State, to which he is allotted. Therefore, I feel that the objection of the State Governments that an All India Educational Service will mean officers being aposted who are not familiar with the local language, will not be there now. if we accept, practice and implement the three language formula This is, of course, my opinion This may be considered by other members of the House. I do not want to enter into a discussion on the three language formula and all that. Too much amotion is involved in this question of language. But, I feel that when we discuss language, we must be practical and be patriotic. There is no use talking about Sanskrit and persian and so on We should talk about modern things and modern facts. In regard to this, I would like to say that the language structure must be unified in India. Of course, this cannot be in regard to spoken language. I feel we must take a chapter from the European languages. I gentleman from Spain can easly learn the language in Sweden. A gentleman in Sweden can easily learn the language in Italy. But a friend from Tamilnadu cannot learn the language in Haryana because the script is different. How can I learn a new script at my age? Therefore, if possible, we should have a uniform script throughout India. In the olden days, Sanskrit provided a uniform script throughout the country religiously. In the same way, we should have a uniform script. We would not be the only country to do it. Already China and Indonasia have accepted and implemented a uniform script. So, I do not see any reason why India cannot and should not accept and implement a uniform script What that uniform script should be, I would not go into. It should be arrived at on the basis of a consensus, with as much association with everybody as possible. If we have a uniform script which is in a way associated with a sort of world script printing and learning will become easy in the years to come I feel a uniform script will bring about unification in the country and will make printing of our textbooks and other reading material easy not only in our country but in the whole world.

Coming to culture, I have a suggestion We have accepted the Panchayatiraj as the basis of local administration, and this should be associated with culture In Finland in a every village or town there are theatres whose management vests with the local bodies. In the same way, cultural affairs should be handed over to the panchayats Every panchayat or municipality should have a theatre and it should be under the administration of the panchayatiraj.

SHRI Y. S. MAHAJAN (Buldana): Sir, while supporting the Demands of the Ministry of Education, Social Welfare and Culture, I should like to say a few words about some of our educational problems. The most basic problem is about primary

[Shri Y. S. Mahajan]

education. 26 years after independence and 23 years after the passing of the Constitution, we have still not achieved the objective of imparting free and compulsory education to all children upto the age of 14. Though substantial progress has been made in this regard in the fourth plan, we are still far from achieving the objective laid down in the Constitution. There have been many shortfalls even in the fulfilment of the fourth plan targets, but the shortfalls were greater in the case of elementary education. It is estimated that by the end of 1973-74 about 87 per cent of the children will be receiving elementary education which means that 13 per cent of the children will not be receiving primary education till March 1974. These children not receiving education are all girls; this means about 26 to 27 per cent will be girls and remain illiterate. This is a very unsatisfactory state of affairs.

16 hrs.

As regards the education of those who are enrolled, the position is deplorable. About 60 per cent of the children drop out of the educational stream by the time they reach the fourth class. A large proportion suffer from stagnation, do not achieve any progress and lapse into illiteracy. Very few of the students proceed till the 5th class. The quality of education imparted also leaves a good deal to be desired.

This is the first year of the Fifth Plan. I am glad to find that the Fifth Plan gives a very high priority to primary education with the result that great emphasis will be laid on expansion of educational facilities and the improvement of quality. The Plan proposes to concentrate on improvement of quality by firstly, improving the curriculum secondly, by adoption of the proper methodologies of teaching, by upgrading the competence of teachers, by pre-service and in-service training, by improvement of the basic physical facilities and by strengthening the educational administration at the district level. I hope the hon. Minister of Education will pull up the States which are lagging behind in the field of elementary education such as Madhya Pradesh, Andhra Pradesh, Karnataka, Orissa and Maharashtra, the States which have not fulfilled the objectives of the Fourth Plan.

Coming to university education, the objective of our policy, as laid down in the Annual Report, differs materially from the objective of higher education, as laid down in the Fifth Plan. This unwittingly, I am afraid, amounts to a distortion. The Annual Report says that the principal objective would be to regulate enrolment to conform increasingly to the likely quantum and pattern of employment opportunities for the educated youth. This is an important policy which is now being enunciated for the first time. But the Plan says that there is an explosion in the number of students, there is a rush to the universities, we have limited resources and, therefore, the thrust of the Five Year Plan should be towards a package policy which will reduce the rush to the university, while effectively enlarging the scope of receiving higher education, if the need is keenly felt. The components of this policy will be the vocationalising of higher secondary education, enabling large numbers to enter employment at the end of the secondary stage, limiting admissions to certain regular institutions which should conform to certain well-defined standards, while making suitable reservations for the backward classes and providing the rest of the social demand for higher education through evening colleges, correspondence courses and private study. I submit that the statement of policy laid down in the Fifth Plan is different from what the Ministry has stated. I hope the Minister will sit down quietly and compare the statements.

Assuming, though not granting, that the statement is correct, I proceed to criticise it on the ground that it is not practicable. The suggestion to regulate admission to the educational institutions on the basis of the estimated requirement of employment is a thing which it is difficult to achieve in our economy. This can be achieved in societies which are planned completely from the Centre. Our economic system and educational system operate in a vastly different manner. If such a policy is accepted, it will amount to discrimination against the poor and the weak.

Are these estimates of man-power requirements reliable? Take the case of estimates of population growth Our experts, the best experts, often made estimates of the future growth of our population. They have all been proved incorrect during the last twenty years. These estimates of man-power requirements in different sections of the economy are, after all, a derivative of the growth of population. They are not reliable Therefore, to base our educational policy on such data will be a highly difficult proposition. In an economy like ours where self-employment is a very important factor—in fact, the largest proportion of the people are self-employed—in such an economy, the concept of man-power requirements loses significance. Equipping a person with competence to earn his livelihood, making him fit to work as a lawyer or an engineer, is an important objective of education But, creating a speciety of cultured people, responsible citizens, is an objective which is equally important How are you going to make estimates of man-power requirements so far as this objective is concerned? Therefore, I submit, the statement of policy laid down in the Annual Report needs to be considered carefully. I further submit that it does not really conform with the objective as laid down in the Fifth Five Year Plan.

Then, I would like to say a few words about the training of university and college teachers. The Education Commission has laid great emphasis on the professional preparation of college teachers. At present: the University Grants Commission holds seminars and summer institutes for preparing university and college teachers. These seminars and institutes give them guidance, instructs them in new developments in their subjects? Though the number of institutes held so for is fairly large, I submit, the preparation given is not adequate either quantitatively or qualitatively. Therefore, we should consider seriously the recommendation of the Education Commission which said that the universities, groups of universities, should apply their mind to this problem and evolve methods and, if necessary, even establish full-time institutes for the preparation of college teachers

The standards of our education and examination are very low If we want to raise them, we must see that the teachers' preparation is improved and they are made more efficient. This, I submit, cannot be done by simply raising their salary scales. I wish, along with increases in salary scales, the Education Minister had coupled his proposal with higher *standards of their training, preparation* and performance, this scale would have been more beneficial to the younger generation in this country In the absence of such conditions, I am afraid, we will not be able to serve the interests of the younger generation.

There is one very good feature which is included in the Annual Report, namely, that there will be informal education, including establishment of open universities. We owe a duty to the millions of people who have not had any opportunity to attend schools or colleges. Therefore, the provision of informal education, including establishment of open universities, is highly welcome.

[Shri Y. S. Mahajan]

Finally, the Plan says that we are short of resources and that we should concentrate our resources on existing universities and not open new ones. I agree. But since the number of students in colleges increases every year by 3 lakhs, you have to consider and plan for new universities. When the proposals for new universities come forward, they must be considered and disposed of expeditiously. The Government of Maharashtra have sent two proposals to the U.G.C. They have been lying for the last two years and still they have not been processed. The Government of Maharashtra has not been informed about the opinion of the U.G.C. in the matter. I hope that the proposals will be considered and approved.

With these remarks, I support the Demands for Grants.

SHRI C. K. CHANDRAPPAN (Tellicherry): Mr. Chairman, Sir, this has to be considered as the first demand submitted by the Ministry of Education during the Fifth Five Year Plan. It is a very significant thing that, when we are going to have a new plan, the Government is presenting a Budget which is giving its ideas as to what will be done in the first year of the Fifth Five-Year Plan, what are the programmes the Government is going to undertake. When we look at the Budget from this angle and consider that it is a step forward to bring about certain new changes as are visualised in the Fifth Five-Year Plan, the Budget and the plan allotment for Education draws a very dismal picture which betrays all hopes about future As was mentioned by several members when the Central Advisory Board of Education was discussing the Fifth Plan blue-print—a working paper was made and was discussed—the Central Advisory Board proposed Rs. 3,200 toward Education in the Fifth Five-Year Plan; later it was reduced to Rs 2,200 crores; and when the plan was finalised by the National Development Council, it was reduced to Rs. 1,726 crores. When the hon. Education Minister was making his inaugural address in the 36th meeting of the Central Advisory Board of Education, he was rather jubilant about the future that was to come. He stated that, after independence, after all these years, when we had started a planned economic development, the Fifth Five-Year Plan would add a new chapter by allotting ten per cent of the total outlay earmarked for the Fifth Five-Year Plan towards Education; the Minister visualised many things; he thought he would plan for many things in the Ministry of Education. In the first Two Five Year Plans it was seven per cent of the total outlay; later it was cut down to a still smaller amount, 5.2 per cent; and today the hon. Education Minister, after such a big expectation of ten per cent, is sitting here with only 4.6 per cent in his hand, if I am correct. This itself shows the priority at the bottom level which we are getting for education in our country. You are visualising that education should be used as an instrument for social transformation—these are the words that you have used in your inaugural address. If you are to make education such an effective instrument for social transformation, then if you make a few more speeches or if you have very good wishes, it is not going to materialise the desired results. You must have the means to do it You must have the money to do that. That, unfortunately, in the Fifth Five Year Plan you will not have As we have passed 26 years after achieving independence, we know in what condition our education is to-day. In every sphere education, between the targets we wanted to achieve and the performance, there is a very big gap and the gap is widening

The framers of the Constitution said that universal compulsory education will be implemented in this country ten years after the Constitution has

been adopted. Neither in your budget proposals nor in the Plan proposals we can visualise that possibility of achieving in this century even. That too, if at all the targets you are planning to-day are going to be achieved, even if they are achieved at the end of the century, you may be somewhere near the goals which were set and which should have been achieved ten years after the adoption of the Constitution.

Literacy, another aspect, has increased in absolute figures. But the United Nations' statistics, why should I go to the UN statistics, even Government of India's own statistics admit the fact that in India to-day, after 27 years of independence, we have more illiterate people than we had in 1947 This is again a sad commentary on the situation.

What you have now got in your hand, my feeling is, is not real money. The small allotment of Rs. 1726 crores which the Education Ministry will spend in the next five years, with which you will be operating in an inflationary economy where the money value will fall down and prices are going up. So, in real terms, what you are going to spend during the coming five years will be not more than 50 per cent of what has been allotted. This is a sad situation in which the Education Ministry is placed. I have all sympathy for you because when I realised the sad condition, it reminded me of a Minister who has high hopes, visions, wishes, aspirations and every thing, but you are like a mother having too many children but no resources to feed your children. You are desperately trying to make both ends meet which you may not be able to do. You may be a loving mother but you may not be able to do anything in this Ministry.

So, what I feel is that in the coming five years if this is the way things are going to move, we will have a more darker future in our educational field and you will be one of the worst victims of the economic crisis that we are facing in our country today. Education will be made one of the first victims of that crisis.

Now, coming to other points, I do not want to waste my time on these things. Many friends referred to student unrest in the country. People are unhappy about it. But, I think the problem should be dealt with in a different way. You will have to approach the problem from a different angle. The Student, his problems, his mood, his anger, his frustration, all these things cannot be taken in isolation. There is no use simply blaming the behaviour of the student community in this country. They are part of our society; they are placed under conditions where unemployment is growing even this Report admits that the education system is outmoded. It does not have proper purpose. I know you are noting to give me a reply. I have gone through the report carefully. What you have said is this.

> "To build a truly secular democratic and socialist society and to inculcate a sense of values which would lead not only to a full development of the individual's personality but also change the quality of his life."

I am quoting your speech. Can we say in our present situation that we have reached the goals? I have my own doubts. There is huge unemployment. It is not increasing in a small way, but is increasing hundred per cent or even more than that. If the students coming out of the educational institutions go unemployed year after year what is the use of giving them lectures about sense of responsibility, duty etc.? He is quite angry naturally. And in the educational institutions he is faced with text-books which are in many cases communal. They are unscientific in

[Shri C. K. Chandrappan]

their content. They do not give a scientific bent of mind to the students studying them. Efforts must be made to change the content but this is defeated from within, it is not liked by those people managing the whole administration of education.

There are so many other aspects to which I cannot refer to just now because of lack of time. I now go to the point of examination reform. This is a point which I would like the hon. Minister to reply to as to how you are going to deal concretely with this problem. Every time when the budget is introduced, every time policy statement is made in the House, it has been told that the examination system as it is today is very bad, it is unscientific, it should be discarded, etc. Committees and Commissions have been appointed, but what practical steps have they taken to change the whole set-up? They might have done something here and something there in a piecemeal manner but as a whole the examination system continues to be as old as it used to be. This is the present position. There should be basic changes It should not be a system which compels him to memorise more and more from text books. You must think more and more of the possibility of introducing Open Book policy in regard to examinations.

There are two important points which I would like to mention It is the question of student participation. It is the question of participation of students and about the democratic functioning of student unions This question of student representation is generally accepted. It is felt that it is a good thing and it should be there. There is a complaint from all the student organisations in the country irrespective of their political ideologies or political leanings. They all feel that you give only a nominal representation, a symbolic representation. What they expect is a meaningful and adequate representation in all the leading policy-making academic and administrative bodies. Unless this is done, you will find chaos in university education. So, this should be remedied. You speak of involvement of students in the affairs of the university. You want them to be more committed to the system. But for all that to come about, you should also take them into full confidence and you must share the responsibility also with them, which I think, as it stands to-day, has been the students participation. And wherever it has been granted—not every where it has been granted—it is inadequate. There should be a statutory provision for the Students' Union. There should be a directive from the Ministry. I do not know whether Parliament can make enactments. If you cannot, there should be a directive that the students unions should be made an essentially integral part of education in all the universities. There should be a directive at least. You should express it on the floor of the House that you want the education system to be such that the Students' Unions will be allowed to function in a democratic manner.

There are two or three points—one is about the library movement I was sadly disappointed to see that; when I went through the budget papers, you allotted Rs. 25 lakhs for the Raja Ram Mohan Roy Memorial Library Movement which you are going to build up. Another Rs. 6 lakhs has been allotted for the Nehru Yuvak Kendra Library Movement. For a country like India —this is all to be done in the villages to educate the people to give some bit of knowledge or to open up new avenues of knowledge and to bring the backward and downtrodden to the world of knowledge, the amount of money should be a little more than what is now allowed. Not only that. It should be made a part of the government policy that you are for the promotion of library movement and you will substantially render all possible help to them. The same is the case with regard to the voluntary

organisation involved in the literacy movement. I have in mind the Kerala Granthashala Sanghams. 200 such projects were submitted before the Government. You do not have sufficient money to grant the necessary aid. This is the condition in which the Government is now working.

The Ministry is also dealing with the sports. The scandalous part of the ministry has been dealt with the other day when a Short Notice Question was answered. I do not want to go into that aspect of the matter. All the Federations of the Sports are not working to the credit of any one, not even to the credit of themselves.

Now, the question is: who is happy about the functioning of these federations? You have to rectify the activities of these federations. I have a suggestion in this regard for your consideration. The constitution of the All India Sports Council should be amended and they should be given some more power to act in a way that they can set things right Now, unnecessarily they are getting only the blame. But, they cannot do anything because they have no powers. And the Federations are going scot-free. So, my suggestion is that you may take steps to amend the constitution of All India Sports Council.

Now, coming to the last point, we talk about discipline among the students—discipline in the university and other educational institutions. Certain things should be kept in mind. We see what is happening just under your nose in Delhi. India is a vast country. You cannot say that it is the responsibility of the State for what is happening in Delhi State. Here is a Report of the Public Accounts Committee. I have no time. I am not going to make many references about this. But, on page 7 of the P.A.C. 1973-74 report there are references in paras 3(6) and 3(7) on appointments made of unqualified persons. What is this? This can only be nepotism or favouritism and there cannot be any other explanation for it. I would like the hon. Minister to explain that.

Again, if we take the newspapers in Delhi for the last one month, what do we find? There is a report to the effect that in the Delhi University a brothel is being run. This was the report that appeared in the *Indian Express* yesterday or the day before yesterday.

SHRI C H. MOHAMED KOYA (Manjeri): It was denied the next day.

SHRI C. K. CHANDRAPPAN: But it is not yet denied. Last year, the University students' union office was used for rape. There was a case already There are so many other cases also, such as large-scale cheating in examination. There are teaching shops here I may be permitted to read out one small sentence which is quite interesting like a thriller It says·

> 'Electric megaphones, supplying vital information, slips of paper with relevant data in fine print and veiled threat of murder—and all this is not the list of ingredients in a spy-thriller but the every-day reality in what is happening in the examination centres, all in the capital.'.

I would also like to make a particular reference to one case which is very important. In Delhi; a good student in a school was kidnapped. The teacher involved in that case wanted the student to allow another student whom the teacher wanted to favour to copy what he was writing, but this student's father refused, and so, finally the student was kidnapped. When a police case was registered about it and the police wanted to look into the examination papers,

[Shri C K. Chandrappan]

the Ministry or the Education Department said that the papers were not available, and after some time when the papers were again asked for, they were told that they had been destroyed. I would like to know from the hon. Minister what is actually happening to the examination papers. Are they being destroyed in Delhi schools after three months or are they being kept for one year as was the decision previously? If they are kept only for three months, I would like to know why that change has been made. I would like the hon. Minister to give a categorical answer to this question.

In conclusion, I would like to draw his attention again to what happened in the President's Estate school, to the murder case about which the hon. Minister gave a reply in answer to a short notice question. I only want to tell him that it did not convince us. It did not convince the people in Delhi. There is a fear lurking everywhere The students are going there but the parents feel unhappy about it. The hon. Minister or his Department may be satisfied. At least personally if he can make an inquiry about what happened ....

PROF. S. NURUL HASAN: I had made this offer that if detailed facts were given to me by any hon. Member, I would personally go into the matter. I am still waiting. Immediately after the debate here I told my hon. friends that if any details were given to me, I would be glad to go into it myself. As soon as I get it, I shall, as I have promised, go into this matter

SHRI C K. CHANDRAPPAN: We shall try to give him some more facts.

Last weak, we had submitted a momorandum to the Prime Minister, and I think the Education Ministry must also have received a copy of it; it was intended to bring about a new improved situation among the students. You know what happened in Gujarat. When the mess bill went up in the hostel, the agitation started. So, we demanded in our memorandum that students all over the country should be given subsidised food at a cheap rate which should not be more than the average rate of food charges in 1971.

This should be provided to all students in all hostels all over the country. Also cheaper transport and a consultative committee of students with wide powers at the national level and State levels to discuss the problems with the students in which the student organisation representatives also may be included

I request the hon Minister to consider all these problems I raised. I hope he will kindly give a reply to these points I am thankful to the hon. Chairman for the indulgence shown to me. I cannot support the Demands for Grants because they are disappointing

श्री जगन्नाथ मिश्र (मधुबनी) सभापति जी, मैं शिक्षा मन्त्रालय की मांगो का समर्थन करता हू और चाहता हू कि केन्द्र एक राष्ट्रीय नीति का निर्धारण करे प्रान्तों की इस मामले मे अगवानी करे। परन्तु लगता है कि शिक्षा मन्त्रालय ने अभी अपने को केवल अनुदानो के वितरण और स्वीकृति प्रदान करने के ही क्षेत्र मे आबद्ध कर रखा है, इस लिये यह दिशाहीन जैसा प्रतीत होता है। मै चाहता हूं कि केन्द्र जिस नीति का निर्धारण करे, बड़ी मुस्तैदी के साथ यह प्रान्तो के द्वारा उसे लागू करवाये। शिक्षा जो आज जीवन का एक आवश्यक अंग है, जिस तरह से जीवन के संचालन के लिये हवा और खाद्यान्न आवश्यक है, मै नही समझता कि इन दोनों के मुकाबले शिक्षा का स्थान कम है।

आज अगर हम उचित शिक्षा अपने नौजवानों को, नौनिहालों को नहीं देते हैं तो वे दिशाहीन हो जाते हैं और ऐसी स्थिति में वे क्या क्या कर सकते हैं, यह हमारी आंखों के समक्ष है, इस पर विशेष प्रकाश डालने की आवश्यकता नहीं है। इस लिये मेरा सुझाव है कि हम उचित शिक्षा बिना किसी भेदभाव के सभी बच्चों को देने की व्यवस्था करें। यह इस लिये भी आवश्यक है कि जब वे पढ़-लिख लेते हैं तो जैसी शिक्षा उन को चाहिये उसकी व्यवस्था करें जबरदस्ती लादने की कोशिश न करें। जिन की जैसी प्रवृत्ति हो, जो जिस शिक्षा को पाने का हकदार हो, साइकालोजिस्ट्स की राय ले कर वैसी शिक्षा उन को दें। मान लीजिये किसी की अभिरुचि खेती में है तो उस को कृषि की शिक्षा दें। लेकिन आज जिस तरह से उन पर जबरदस्ती शिक्षा लादी जाती है, जिस में उन की अभिरुचि नहीं होती है तो उस का परिणाम यह होता है कि वे सम्मेलन के बजाय बिगड़ते जाते हैं, अभिरुचि के अनुसार शिक्षा देने से हम उन को बिगड़ने से क्या बचा सकते हैं।

इस के साथ ही यह भी आवश्यक है कि सैकेण्ड्री स्टेज तक हम सभी बच्चों के लिये शिक्षा अनिवार्य कर दें और आगे साइकालोजिस्ट की राय से जिन को जिस महकमे की या जैसी शिक्षा दी जानी चाहिये वैसी शिक्षा देने की व्यवस्था करे।

शिक्षा के साथ साथ मुझे एक चीज का डर है—शिक्षा के लिये आज जो पुस्तकें चाहिये, जो कागज चाहिये उस का ही सर्वथा अभाव है। अगर कागज का ही अभाव रहेगा तो शिक्षा कैसे दे सकेंगे, किताबों का प्रकाशन कैसे होगा। नया सत्र आता है लेकिन पुस्तकें नहीं निकलती हैं और नौजवान यूंही बैठे रह जाते हैं और इस तरह से खाली बैठने का जो प्रतिफल होना चाहिये वह होता है। इन सब के निदान के लिए शिक्षा मन्त्रालय को सोचना चाहिये और गहराई से सोच कर इन का निदान करना चाहिये।

अब बजट को 7 परसेंट से घटा कर साढ़े चार परसेंट कर दिया गया है इसी में आप को सारे विभाग की व्यवस्था करनी थी। मैं जब इस पर निगाह डालता हूं तो मुझे लगता है कि इन्होंने इतनी कम धनराशि में भी अच्छी व्यवस्था की है

श्री मूल चन्द डागा (पाली) आप कहते हैं कि मन्त्रालय सोचे, इस सोचने में कितना समय लगता है।

श्री जगन्नाथ मिश्र मैं तो चाहता हूं कि मन्त्रालय आज ही सोच कर इस पर काम शुरू कर दे, लेकिन मन्त्री महोदय इस का जवाब देंगे।

मैं मांग संख्या 24 का जिक्र करूंगा। इसमें 1973-74 में एक करोड़ 5 लाख का प्राविधान था और आगामी वर्ष यानी 1974-75 में 1 करोड़ 18 लाख की व्यवस्था की गई है। मूल्य वृद्धि के सन्दर्भ में इस साधारण वृद्धि को मैं वृद्धि नहीं कहूंगा। सचिवालय के कार्य-संचालन के लिए यह आवश्यक ही है इसलिए हम इसका समर्थन करेंगे।

शिक्षा अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद् के लिए इन्होंने 2 करोड़ 48 लाख से बढ़ाकर 1974-75 के लिए 4 करोड़ 16 लाख की व्यवस्था की है जिसको मैं अच्छा मानता हूं क्योंकि इसमे अनुसन्धान और प्रशिक्षण के क्षेत्र में विकास होगा जोकि आवश्यक है। केन्द्रीय विद्यालय संघटन जो इनका है उसको कार्य कलाप को मैं तारीफ करूंगा। थोड़ी ही अवधि में यह जो केन्द्रीय विद्यालय स्थापित हुए हैं उन्होंने अच्छा काम किया है। इनके द्वारा काम

[श्री जगन्नाथ मिश्र]

सराहनीय ढंग से हो रहा है और इसलिए इन्होंने 6.6 करोड़ से बढ़ाकर इस वर्ष 8.23 करोड़ की व्यवस्था की है। अपने बजट में जो कि आवश्यक है और होनी भी चाहिए लेकिन एक मेरी मांग भी है और सुझाव भी है जैसा कि पूर्ववक्ताओं ने भी कहा है कि इस विद्यालय को केवल शहर में ही क्यों केन्द्रित करना चाहते हैं देहात में क्यों नहीं ले जाना चाहते हैं। शहर में हर तरह के लोग हैं धनिक लोग हैं रंग बिरंगी संस्थायें और विद्यालय हैं लेकिन देहात में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है इस लिए आपका ध्यान देहात की ओर भी जाना चाहिए जहां के बच्चे असहाय है विवश हैं। उनके लिए भी हम अच्छी शिक्षा देने की व्यवस्था करें। यदि शहरों में आप स्थापित करना चाहते हैं तो करें लेकिन देहातों में भी उसकी व्यवस्था करें यह मेरी आपसे अपील है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की मद में इन्होंने 46 करोड़ रुपए की व्यवस्था की है जिस में दिल्ली, बनारस, अलीगढ़, विश्वभारती एवं शैक्षणिक अनुसन्धान के लिए जो विशेष स्थापित संस्था है इन की, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय—यह सभी मांगें इसमें सम्मिलित है। इनकी मांग ठीक है लेकिन जितनी इन की मांग है उस में से 25 प्रतिशत तो केवल दिल्ली के जो दो विश्वविद्यालय हैं उन्ही पर यह खर्च कर देते हैं—इस बात पर मेरा ऐतराज है। दिल्ली राजधानी है, दिल्ली के लिए आप व्यवस्था करें, दिल्ली में अच्छी शिक्षा की व्यवस्था करें—इस पर ऐतराज नहीं है लेकिन दिल्ली में सब कुछ हो रहा है इसलिए देहात के पढ़े लिखे लोग भी दिल्ली में आने की प्रवृति में लग जाये और देहात खाली हो जायें, वहां पर पढ़ाने वाला कोई न हो, इस बात की तरफ भी हमारा ध्यान जाना चाहिए। (व्यवधान) मेरा निवेदन है कि प्रत्येक प्रान्त में केन्द्रीय विश्वविद्यालय खोलने की आप व्यवस्था करें जिस से बड़ा यूजफुल पर्पज सिद्ध होगा।

मेरा एक सुझाव यह भी है कि जहां तहां भिन्न भिन्न व्यक्तियों और संस्थाओं के नाम पर यूनिवर्सिटीज खुल गई हैं लेकिन अभी तक हरिजनों के नाम पर किसी विश्वविद्यालय की स्थापना नहीं हुई है। (व्यवधान) आप उस का नाम कुछ भी दें लेकिन इस प्रकार का विश्वविद्यालय होना चाहिये। दिल्ली के नजदीक में ही गाजियाबाद है जहां पर हरिजन कालेज है जिस में 5 हजार विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। उस को यदि आप यूनिवर्सिटी में कन्वर्ट कर देते है तो मैं समझता हूं उन लोगों का हौसला बढ़ेगा।

सरकार ने प्रौढ़ शिक्षा की व्यवस्था की है जिस से बड़ा यूजफुल काम हो रहा है लेकिन इस पर और विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इस के साथ ही अभी शिक्षा मंत्रालय ने जो उन के जिम्मे बहुत दिनों से रिपोर्ट पड़ी हुई थी यू० जी० सी० की शिक्षकों की वेतन वृद्धि के सम्बन्ध में उस का प्रकाशन कर के शिक्षकों का हौसला बढ़ाया है और इस के लिये मैं उन को धन्यवाद देना चाहता हूं।

आप की मार्फत मैं मंत्री जी से अपील करूंगा कि कालेजो में शोध डिग्री प्राप्त करने वालों की संख्या बहुत कम है लेकिन उन को बढ़ावा देने के लिये न उचित वेतन देते हैं और न प्रोत्साहन देते हैं। अगर आप उन की यथेष्ट सेवा लेना चाहते हैं और बच्चो को उनकी सेवा से लाभान्वित करना चाहते हैं तो उन को उचित वेतन और उचित प्रोत्साहन दें—यह मेरी आप से अपील है।

इन शब्दों के साथ मैं इन मांगो का फिर समर्थन करता हू।

श्री वज्र प्रताप सिंह (बाराबंकी) अधिष्ठाता महोदय, आपका मैं हृदय से आभारी हूं कि आप ने मुझ को शिक्षा तथा समाज

कल्याण मंत्रालय के अनुदानों पर अपने विचार प्रकट करने का अवसर प्रदान किया। मैं उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हू। समयाभाव के कारण आकड़ों में न आ कर केवल तथ्यो के आधार पर मैं माननीय सदस्यों का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। शिक्षा का उद्देश्य शिक्षार्थी का सर्वांगीण विकास करना होता है। हम चाहते हैं शिक्षा के द्वारा ऐसी व्यवस्था हो जिस मे हम शिक्षार्थियो के शारीरिक, मानसिक, भौतिक, नैतिक चरित्र तथा व्यावसायिक गुणो का विकास कर सकें। परन्तु यह दुख की बात है कि हमारी शिक्षा के द्वारा जो हमारा उद्देश्य हैं, जो हमारा लक्ष्य है उस की पूर्ति जिस प्रकार से होनी चाहिये उस प्रकार से नही हो पा रही है। राष्ट्र के नवयुवको और नवयुवतियो की दशा कुछ इस प्रकार से है

चलने को चल रहा हू पर इस की खबर नही,
मैं हू सफर मे या मेरी मजिल सफर मे है ॥

उन में एक निराशा, कुठा और हीन भावना जागृत हो रही है जिस पर कि माननीय सदन को बहुत गम्भीरतापूर्वक विचार करना होगा और ऐसा निर्णय लेना होगा जिस से हमारे राष्ट्र से उन तमाम नवयुवको और नवयुवतियो के हृदय मे जो इस समय एक निराशा और कुठा की भावना काम कर रही है उस को उन के हृदय से तिरोहित कर सकें।

मान्यवर, एक बहुत बडी विडबना है कि राष्ट्र के रजत जयंती वर्ष के व्यतीत हो जाने के पश्चात् आज भी ऐसी व्यवस्था है जिस मैं जो धनी लोगो के बच्चे हैं वे कान्वेन्ट विद्यालयो में शिक्षा प्राप्त करते हैं और जो निर्धन परिवार के बच्चे हैं उन को वह शिक्षा प्राप्त नहीं हो पा रही है। हम ने लोकसभा के मध्यावधि निर्वाचन के समय इस बात की घोषणा की थी कि राष्ट्र में हम सामाजिक और आर्थिक विषमताओ को समाप्त करेंगे। हम समझते हैं कि शिक्षा जगत में भी हमें वह कदम उठाने चाहियें जिन के आधार पर ऐसी व्यवस्था न हो कि धनियो के लडके अच्छे विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त करें और निर्धनों के बच्चे उन विद्यालयों में उस स्तर की शिक्षा न प्राप्त कर सके। हम समझते हैं राष्ट्र में सामाजिक न्याय लाने की दृष्टि से यह एक बहुत महत्वपूर्ण कदम होगा। हम समझते हैं इस बात की भी व्यवस्था होनी चाहिए जो हमारी समाजवाद की कल्पना है कि प्रत्येक व्यक्ति को उसकी योग्यता के अनुसार, उसकी क्षमता के अनुसार कार्य करने और विकास करने का अवसर होगा। हमें उनको यह अवसर देना ही होगा।

आज विद्यार्थियों में अनुशासनहीनता की जो समस्या है वह एक बहुत ही गम्भीर समस्या हैं, एक राष्ट्रीय समस्या है परन्तु जैसा कि माननीय सदन के माननीय सदस्यों का विचार है कि जबतक हम इस प्रकार की व्यवस्था नहीं करते हैं कि हमारी शिक्षा प्रणाली में व्यावसायिक शिक्षा का भी प्राविधान किया जाये, व्यवसायिक शिक्षा की भी व्यवस्था की जाये तबतक हम समझते हैं इस प्रकार जो अनुशासनहीनता फैल रही है उसको रोक पाना कठिन ही नहीं बल्कि नितान्त असम्भव है। क्योंकि विद्यालयों में विश्वविद्यालयो में जो हमारे नवयुवक और नवयुवतियां शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं उन के मन में एक भावना है कि विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त करने के बाद उन्हें बेकार हो कर दर दर की ठोकरें खानी होंगी और यह स्थिति गम्भीर है। हमें इस बात की गारण्टी देनी होगी कि विश्वविद्यालय से जिस दिन लडका निकलेगा उस के दूसरे दिन उसे नौकरी मिलेगी, और यह तभी होगा जब कि शिक्षा व्यावसायिक शिक्षा हो, केवल डिग्री वाली शिक्षा न हो।

[श्री रुद्र प्रताप सिंह]

हम ने भारत के संविधान में इस बात की व्यवस्था की थी कि हिन्दी को राष्ट्रभाषा का स्थान दिया जायगा। लेकिन हमें दुख के साथ कहना पड़ता है कि रजत जयन्ती वर्ष के बीत जाने के बाद भी हम ने संविधान में जो कहा था कि 15 वर्ष के अन्दर ऐसी व्यवस्था करेंगे कि जिस में हिन्दी को राष्ट्र भाषा का सम्मान मिल सकेगा, गौरव मिल सकेगा, वह हम अभी तक नहीं दे पाये हैं। आज तक हिन्दी को वह गौरव नहीं दिला सके, यह बड़े दुख की बात है। मैं हिन्दी की बात इसलिये नहीं कहता कि हिन्दी भाषी प्रदेश से आता हूं। बल्कि मैं हिन्दी की बात इसलिये करता हू कि हमारे संविधान में इस बात की व्यवस्था की गई थी कि हम राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से हिन्दी को उचित समझते हैं। और मान्यवर इस दिशा में हमारे राष्ट्र के कुछ महापुरुषों ने अपने जो विचार प्रकट किये थे उन को आप की अनुमति से यहां प्रस्तुत करना चाहता हूं।

महात्मा गांधी ने कहा कि कोई भी देश सच्चे अर्थों में तब तक स्वतन्त्र नहीं है जब तक वह अपनी भाषा में नहीं बोल सकता है। और इस के साथ साथ पण्डित जवाहर लाल नेहरू के एक वक्तव्य की ओर सदन का ध्यान दिलाना चाहता हू जिस में उन्होंने कहा था कि राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी हमारे देश की एकता की सब से बड़ी कड़ी होगी, और इस में कोई दो राये नहीं हो सकतीं। मान्यवर, इसी तरह से डॉ० जाकिर हुसैन ने कहा था आप को पता है कि हिन्दी वह भाषा है जो विभिन्न मातृभाषा रूपी फूलों को पिरो कर भारतमाता के लिये एक सुन्दर फूलों की माला का सृजन कर सकेगी। इसी प्रकार से हमारे कामराज जी ने कहा था कि यह कथन गलत है कि दक्षिण भारत के लोग हिन्दी सीखना नहीं चाहते। हमें इस से सबक लेना होगा। इसी प्रकार से हमारी प्रधान मन्त्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने एक स्थान पर कहा था कि देश को एकता के सूत्र में बांधने की शक्ति केवल हिन्दी में है। इसी प्रकार से हमारे स्वर्गीय प्रधानमन्त्री लाल बहादुर शास्त्री ने कहा था कि हिन्दी पढ़ना और पढ़ाना हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है। मान्यवर, इस सम्बन्ध में हमारे वर्तमान राष्ट्रपति महोदय ने एक स्थान पर कहा था कि हिन्दी के बिना भारत की राष्ट्रीयता की बात करना व्यर्थ है।

मान्यवर, अपने राष्ट्र के इन तमाम लोगों के विचार सदन के सामने इसलिये प्रस्तुत करने पड़े कि आज वह समय आ गया है कि हम इस पर गम्भीरतापूर्वक विचार करें। हमारे राष्ट्र के महान नेताओं ने स्वतन्त्रता के पूर्व से ले कर रजत जयन्ती के वर्ष तक जो अपने निरन्तर विचार प्रकट करते आये हैं उन में कथनी और करनी में क्यों अन्तर है। हमें उस अन्तर को मिटाना होगा। हिन्दी को हम राष्ट्रभाषा का स्थान इसलिये देना चाहते हैं जिस में हम राष्ट्र की तमाम विभिन्न भाषाओं का विकास कर के एक ऐसी मिली जुली संस्कृति का माध्यम हमारी हिन्दी बन सके जो भारत माता के गले में हम एक सुन्दर सी माला चढ़ा सकें।

इन शब्दों के साथ मैं कहना चाहता हूं कि हमें अपने शिक्षा मन्त्री के कुशल नेतृत्व पर, उन की योग्यता, क्षमता और अनुभव पर पूरा विश्वास है और जो हम शिक्षा मन्त्रालय के द्वारा जनता की सेवा करना चाहते हैं निश्चित रूप से हम भारत की महान जनता की भावनाओं और आकांक्षाओं के अनुसार अपनी शिक्षा नीति को बना सकेंगे जिससे राष्ट्र का कल्याण हो सकेगा।

श्री रामकंवर (टोंक) सभापति महोदय, शिक्षा मन्त्रालय पर आप ने मुझे अपने विचार प्रकट करने का जो मौका दिया उस के लिये मैं आप का आभारी हूं। हमारे शिक्षा मन्त्री और उप-शिक्षा मन्त्री वरिष्ठ

मन्त्री हैं, लेकिन पिछले मध्यावधि चुनाव के बाद से इन की शिक्षा पद्धति से पूरे भारत वर्ष में बड़ी निराशा पैदा होती जा रही है। यह स्थिति किसी भी देशवासी से आज छिपी हुई नहीं है। हमारे शिक्षा मन्त्री जी कागजों की कार्यवाही में व्यस्त रहते हैं और प्रान्तों के जो मन्त्रीगण हैं शिक्षा के उन में और केन्द्र के मन्त्री में कोई तालमेल नहीं है इसलिये शिक्षा पद्धति अस्तव्यस्त हो रही है।

आज हमारे देश में शिक्षा और खाद्यान्न की स्थिति चिन्ताजनक हो गई है। अगर ये दो मसले हल हो जायें तो भारत वर्ष बहुत सुखी और अच्छा जीवन व्यतीत कर सकता है। लेकिन 26 वर्ष की आजादी के बाद भी शिक्षा पद्धति में विशेषकर गांवों में काफी छूआछूत बरती जाती है। हरिजन और आदिवासी बच्चों को गांवों के अध्यापक लोग नालियों से पानी पिलाते हैं। मैं ने इस बारे में शिक्षा मन्त्री को तथा राजस्थान सरकार को लिखा है, लेकिन इस की कोई जांच नहीं हुई और उस समस्या का कोई हल नहीं हुआ। हमारे कांग्रेसी भाई उन्हीं के बलबूते पर खड़े हैं और सभाओं में वर्तमान शिक्षा पद्धति की कटु आलोचना करते हैं। अतः यदि आज उन के दिल में सदभावना हो तो सारे देश की अर्थ-व्यवस्था, छूआछूत, हरिजनों पर अत्याचार आदि सब मसले हल हो सकते हैं। मेरा निवेदन है कि गरीब और अमीर के बीच में शिक्षा के क्षेत्र में जो खाई बढ़ रही है इस को समाप्त किया जाय। आज अमीर आदमी के बच्चे अच्छे स्कूलों में पढ़ते हैं, जब कि गरीब के बच्चे गांव के स्कूलों में ही पढ़ते हैं, फिर भला वह कैसे अच्छे स्कूलों में पढ़े हुए बच्चों का मुकाबला कर सकते हैं? सरकार की जो मौजूदा नीति है उस से एक जटिल परिस्थिति उत्पन्न हो गई है कि साधारण शिक्षा वाले लोग आप के माया जाल को समझ नहीं पा रहे हैं। कोटा परमिट का गरीब आदमी कभी लाभ नहीं ले सकता है।



मैं दो, चार मुद्दे उठाना चाहता हूं, एक तो स्कूलों में छूआछूत की पद्धति में, पढ़ाने में जो भेदभाव बरता जाता है इस की जांच करानी चाहिये और हरिजनों तथा आदिवासियों के लिये जो छात्रावास खोले गये हैं, मैं ने तीन, चार राज्यों में देखा है कि उन में जो विद्यार्थियों को खाना मिलता है वह पशुओं के खाने से भी खराब होता है। उन को अच्छा खाना मिलना चाहिये, और हरिजनों के लिये ज्यादा से ज्यादा छात्रावास खोलिये। विशेषकर हरिजनों और आदिवासियों के पास न कोई इनकम का जरिया है और न ही खास जमीन है, इसलिये उनके बच्चे पढ़ नहीं सकते हैं।

हरिजनों और आदिवासियों को जो छात्रवृत्तियां मिलती हैं वे भी बहुत थोड़ी मात्रा में मिलती हैं। उनको भी आप कुछ बढ़ाएं ताकि गरीब लोग अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें।

कोई भी छात्र हो उसकी फीस को आप कम करें। उन के वास्ते आप परिवहन की व्यवस्था करें।

गांवों के अन्दर जो अध्यापक अपनी ड्यूटी देने जाते हैं वे अपनी ड्यूटी देने में असमर्थ रहते हैं, पूरी ड्यूटी नहीं देते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि बच्चे आम तौर पर फेल हो जाते हैं। आप अपने प्रशासन को मजबूत करें और वहां अध्यापक पूरी ड्यूटी दें, इस दिशा में कदम आप बढ़ाएं।

यही मेरा निवेदन है।

SHRI B. R. SHUKLA (Bahraich): Mr. Chairman Sir, while I support the Demands of the Education Ministry, I find it a bit disappointing that the original estimate for the ambitious plan of implementing the educational scheme to the extent of Rs. 3200 crores was slashed down to Rs. 2,200 crores and, finally it has been reduced to Rs. 1726 crores which comes to 4.6 per cent of the total outlay of the Fifth

[Shri B. R. Shukla]

Plan. The activities of this Ministry cover a very large area. It covers education social welfare and culture. So the grant is really far below the expectation and the requirement.

The Education Ministry has been criticised because the system of education obtaining in this country dates back from the days of Macaulay. It is said that it is not suited to the genius of the country. No doubt, Macaulay might have had the objective of producing an army of clerks to run the British administration. But in spite of his objective and intenion this system has stood the test of time. Today, even those *pandits* and *maulvis* who have great love and respect for their Oriental culture send their sons and daughters and other dependants to public schools. So it is no use criticising the system. This type of system is prevalent in a large part of the world. Today, if there is unrest agitition and disappointment amongst the educated youth it is not the fault of the system and it is not the study of Mathematics or Science or Technology or education in Humanities which is responsible for this widespread frustration. I would rather say that in spite of such good education this is the state of affairs.

The Education Ministry has very limited power and scope to function. We should trace the causes to other than the faulty system of education. It is the economic system, it is the social fabric it is the political structure and it is the class structure which are responsible not only for the frustration amongst the educated youth but also amongst all other classes. Therefore, even if we put an end to this sort of education even if we make the educational system more job-orinted, more vocational in its nature. the problem unemployment will not be solved. There is a huge army of unemployed persons who are not graduates who are not literates They do not find jobs. So, the mere fact fact that there is unemployment should not mean that the blame should entirely be placed on education system. There is one thing which I find very disappointing in the demands. The allocations are spread over so many activities there is a scheme for the services for children in need of care and protection for which Rs. 5 crores have been provided; then there is an intergrated child development service scheme for which Rs. 140 crores have been allocated. And these allocations are to be spent through voluntary organisations. We have the experience of the functioning of these voluntary organisations in the States. These funds are generally misused, mis-utilised and mis-appropriated. If mis-utilised and mis-funds are general- instead of having so many multi-purpose activities within the name of culture, social welfare, youth welfare and so on and have some few solid schemes, some limited schemes then perhaps the dent of this Ministry would be felt more than by spreading the funds and diluting and diversifying their activities and finding no concrete results. In this connection I will like to give an example of a feast in which we have many dishes, we have a variety of vegetables, we have a variety of soups chatnis and all, that but there is no substantial meal to serve. Therefore, you are cetering to the taste here and there without satisfying the real thunger of appetite. I want that there should be widespread primary education, Secondary education should be consolidated. So far as stand for placing any curb on higher education for those who really have the talents, who have the real aptitude for receiving such education. But Degree is only a passport for job. Therefore even persons who have no aptitude clamour for admission and crowd the corridors of universities and aptitude clamour for admission and their attention from universities and colleges it would be better if we have some vocational institutions for which they have better aptitue, and if we can provide such institutions where their talents can really be absorbed then the universities and colleges where science and humanities are

taught would not be so crowded as we find them today.

Then I would like to say something about my own constituency. Sravasthi is a historical place in the history of Buddhism. Lord Buddha remained there continuously for 25 years and did his tapasya. It is situated in the remote Tarai of U.P. State, on the border of Bahraich and Gonda. Pilgrims from Burma Ceylon and even China visit this place. But to my utter disappointment nothing has been done to develop this Buddhist centre of pilgrimage. We have got Hidu University, we have got Muslim University, we have got rural universities but not even a college in the name of Lord Buddha or his followers has been established there. I want that the Education Minister who himself is a great historian and who has a love for the Buddhist culture as well, being a very cosmopolitan in his outlook will give his attention to this neglected part of Buddhist history.

The second thing I would like is this. There is a mention that there are 12 Grameen Rural Higher Education Centres in the country I do not know which are those 12 blessed places where they are situated. At least there is none in our part of the country My District has the distinction of occupying the bottom-most place in the matter of literacy in Uttar Pradesh So, kinkly start one centre of Higher Rural Education in my District of Bahraich so that I may also know that such a scheme is not only on paper but can be implemented for the benefit of the people who are most neglected and who inhabit the most neglected part of Uttar Pradesh.

श्री सिवनाथ सिंह (झुझुनू) : सभापति महोदय, इसमें कोई दो रायें नही हैं कि पिछले पन्द्रह सालों में शिक्षा का काफी विस्तार हुआ है । अगर हम 1960–61 के आंकड़ो का मुकाबिला 1972–73 से करते हैं तो हम देखते हैं कि यूनिवर्सिटीज की संख्या 45 से बढ़ कर 101 तक पहुच चुकी है, कालेजिज की सख्या 1542 से 4 158 हो गई हैं और इसी तरह स्टूडेंट्स का नम्बर भी कई गुना बढ़ चुका है । इसलिये हम यह नही कह सकते है कि हमने शिक्षा के क्षेत्र मे प्रगति नही की है । लेकिन क्वालिटी की दृष्टि से जो प्रगति होनी चाहिये थी वह नही हो पाई है ।

शिक्षा के सम्बन्ध मे शहरी और देहाती क्षेत्रो मे इमबैलेंसिज बढ़े हैं और देहाती क्षेत्र कम्प्लीट्ली नेग्लेक्टिड हुए हैं । सर्विसिज मे सब शहरी क्लास के लडके आते हैं क्योंकि उनको शहरो में शिक्षा के अच्छे साधन मिलते है । देहाती क्षेत्रों म लडको का प्राइमरी एजूकेशन के लिये द, तीन चार या पाच मील तक जाना पडता है । मिडिल स्कूलो और हाई स्कूलों के बारे मे अ स्थिति बिल्कुल असन्तोषजनक है । और देहाती क्षेत्रो के लडको को कालेजा के तो दर्शन भी नही होते है, उनके लिये तीस तीस मील दूर जाना पडता है । इसके अलावा शहरो के लडको को रहने के लिए जगह मिलती है, जब कि देहात के लडको को रहने के लिये जगह नही मिलती है । चूकि देहाती क्षेत्रो के लडको को शिक्षा की पूरी सुविधा प्राप्त नही होती है, इस लिये सर्विसिज म वे पिछड जाते है और शहरो के अपने काउटरपार्टस से कम्पीट नही कर पाते हैं ।

जाब्ज के लिये अच्छी अंग्रेजी का ज्ञान और बोल चाल का ढग आवश्यक माना जाता है, लेकिन हम देहात के लडको को यह कहां दे पाते हैं ? पब्लिक स्कूल्ज और अन्य स्कूल शहरी क्षेत्रो मे ही खोले जाते हैं । इसलिये मैं चाहता हू कि देहाती क्षेत्रो की ओर ध्यान दिया जाये और वहा शिक्षा के पर्याप्त साधन उपलब्ध किये जाये ताकि वहा के लड़के भी कम्पीटीशन मे बैठ सकें ।

[श्री शिवनाथ सिंह]

पिछले साल और उसमे पिछले साल शिक्षा मंत्रालय द्वारा एक स्कीम जारी की गई जिसके बारे में कहा गया है कि शिक्षकों को जाब्ज देने के लिये प्राइमरी स्कूल खोले गये हैं-चूंकि पढ़े-लिखे लोग बेकार हैं इसलिये उनको जाब्ज देने के लिये हमने प्राइमरी स्कूल खोले हैं। मुझे इस पर आश्चर्य होता है और शिक्षा मंत्रालय के लिये यह शर्म की बात है। मैं समझता हूं कि शिक्षा के सम्बन्ध में यह दृष्टिकोण उल्टा है। हमने अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देनी है इसलिये पढ़े-लिखे लोगों को एम्प्लाय किया जाये यह बात तो समझ में आती है लेकिन शिक्षा सम्बन्धी यह दृष्टिकोण ग़लत है कि चूंकि हमने पढ़े-लिखे लोगों को एम्प्लाईमेंट देनी है इसलिये प्राइमरी स्कूल खोले जाये। ऐसे टीचर्ज अधिकतर देहाती क्षेत्रों मे रखे जाते हैं। आज स्थिति यह है कि देहात के प्राइमरी स्कूलों मे एक या दो टीचर होते हैं और एक टीचर को दो, तीन क्लासिज को पढ़ाना पड़ता हैं। इस तरह एक टीचर के लिये पचास साठ और सत्तर स्टुडेंट्स का रेशो आता है। शहरी क्षेत्रों की तुलना मे यह रैशो बहुत अधिक है। क्या इस तरह टीचर्ज पढ़ा सकता है और क्या स्टडेंट्स पढ़ सकता है? इस तरह तो सरकार देहात की शिक्षा की नीव को बिल्कुल खोखला करती जा रही है। इसका परिणाम यह है कि मिडिल स्कूल और हाई स्कूल के लड़के शहरी क्षेत्रों के अपने काउटरपार्टस से कम्पीट नही कर सकते है। मैं चाहता हू कि मंत्री महोदय इस तरफ ध्यान दें और शिक्षा सम्बन्धी दृष्टिकोण मे परिवर्तन करें।

शिक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत विभिन्न एक्टिविटीज चलाई जाती हैं। उनमे से एक डिसिप्लिन की एक्टिविटी भी है जिसके लिये स्कूलों मे टीचर और इंस्ट्रक्टर रखे हुये हैं। लेकिन इसका जो परिणाम निकला है वह हमने गुजरात और बिहार मे देखा है। इसका एक उदाहरण हमने अभी राजस्थान के एक दूर-दराज कोने जोधपुर मे देखा है। चोपासनी स्कूल के ढाई तीन सौ स्टुडेंट्स द्वारा संसद्सदस्य श्री नाथू राम मिर्धा के मकान पर हमला किया गया। माननीय सदस्य यहां थे और उनका स्टूडेंट्स से कोई कनसर्न और झगड़ा आदि नही था। उनकी अस्सी साल की वृद्धा माता को पीटा गया और आज वह मरनासन्न हालत में पड़ी हुई है वह स्कूल इस किस्म की एक्टिविटिज के लिये बदनाम है। आज हम इस तरह की एजूकेशनल इंस्टीट्यूशन्ज पैदा कर रहे हैं। गवर्नमेंट स्कूलों के जो शिक्षक इस प्रकार की एक्टिविटीज में लगे हुए हैं उन के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करनी चाहिये। अगर इस तरह की एक्टिविटीज बढ़ती गई तो फिर डिसिप्लिन कहा रहेगा पेपर पर डिसिप्लिन के लिये बहुत कुछ किया गया है काफी इंस्ट्रक्शन्ज दी गई है लेकिन व्यवहार मे जो कुछ होता है उस को देख कर निराशा होती है।

देहात मे जो स्कूल खोल रखे हैं उन में लड़को के बैठने के लिये कमरे नही है और अध्यापको के रहने के लिये जगह नहीं एसी हालत में हम कैसे यह उम्मीद कर सकते हैं कि अच्छे अध्यापक देहात में जाएं? कम से कम उन लोगों को यह देनी चाहिये कि वे रात को पैर पसार कर सो सकें लेकिन उन को यह सहूलियत तो सहूलियत भी नही मिलती है। इस का परिणाम यह है कि अच्छे अध्यापक देहात में जाने के लिये तैयार नही होते हैं। और इसी के लिये वहां के स्कूलों मे सब सबजेक्ट्स के अध्यापक पूरा साल नही मिलते हैं। इसी लिये यह आवश्यक है कि देहात में टीचर्स के रहने के लिये कम से कम डारमिटरी टाइप की एकामोडेशन की व्यवस्था की जाये ताकि वे लोग वहां रह कर बच्चों को शिक्षा दे सकें।

जहां तक हिन्दी का सबध है हम ने हिन्दी को राष्ट्र भाषा माना है और शिक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट में इस के बारे में काफी बड़ा विवरण दिया गया है; शिक्षा मंत्रालय की तरफ़ से हिन्दी के

प्रसार के लिये प्रयत्न हो रहे है लेकिन ग्राज स्थिति यह है कि लोगों में हिन्दी के प्रति प्रेम जाग्रत करने की बजाय उस के लिये घृणा पैदा की जा रही है हिन्दी के बारे में हमारी यह एचीवमेंट है देश के कुछभागों की दिक्कतों को हम समझ सकते है। वहा के लोग इतनी जल्दी हिन्दी नहीं सीख सकते हैं। लेकिन हम ने उन में हिन्दी के प्रति प्रेम पैदा करने की बजाय घृणा पैदा की है और वे लोग हिन्दी के सवाल पर अचानक उत्तेजित हो जाते हैं। मैं समझता हू कि इससे इनटेग्रेशन की भावना नहीं बढ़ सकती है। हम देश की विभिन्न स्थानीय भाषाओं का आदर करते हैं और हम चाहते हैं कि उनको प्रोत्साहन दिया जाये। लेकिन जिसको हमने राष्ट्र-भाषा माना हैं उसके लिये हम कोई कारगर कदम उठा सकें हों, ऐसा नही दिखाई देता है।

जहां तक शिक्षा के उच्च स्तर का प्रश्न है, आज हमारे देश में 101 यूनिवर्सिटीज के अलावा कुछ डीम्ड यूनिवर्सिटीज भी है। मेरे क्षेत्र में भी भगवान् की दया से एक डीम्ड यूनिवर्सिटी है। पिछली बार यूनिवर्सिटी ग्रान्ट्स कमीशन पर बहस के समय मैंने उस की ओर संकेत किया था और शिक्षा मंत्री ने कहा था कि अगर उन के पास फैक्ट्स आयें, तो वह इस बारे में जांच करेंगे। मैंने उस वक्त भी निवेदन किया था, और आज भी निवेदन करना चाहता हू कि बिडला-इंस्टीट्यूट आफ टेकनालोजी एंड साइंस, पिलानी अध्यापकों और छात्रों के लिये एक बूचड़खाना है, और ब्लैक मार्केटिंग तथा टैक्स इवेजन का सब से बड़ा सेंटर है। इस इन्स्टिट्यूशन के नाम से देश से, और फारेन कन्ट्रीज से करोड़ों रुपये डोनेशन के रूप में आते हैं। वह संस्था अमेरिका के सी० आई० ए० का अड्डा है, जहां जासूसी होती है, फोर्ड फाउंडेशन उस को रुपया देता है और टीचर्ज के रूप में ऐसे आदमी भेजता है, जो जासूसी का काम करते हैं। वहीं का रहने वाला एक व्यक्ति जयपुर में पुरातत्व विभाग की मूर्तिया चोरी करते हुए पकड़ा गया और उस को सजा हुई। भगवान के नाम पर मंत्री महोदय उस इंस्टीट्यूशन के बारे में जांच करें। सैंट्रल गवर्नमेंट को इस बात का अधिकार है? इस बारे में हम ने राष्ट्रपति महोदय को ज्ञापन दिया है। अध्यापकों और स्टुडेंट्स ने शिक्षा मंत्री महोदय के सामने अपनी ग्रीवेंसिज रखी हैं। मैं शिक्षा मंत्री से निवेदन करना चाहता हू कि वह उस ज्ञापन को देखें और उस में जो दिक्कतें बताई गई हैं, उन को दूर करें।

आज उस इंस्टीट्यूशन का क्या तरीका है? उस में अलग अलग रूल्स बने हुए हैं। उन रूल्स के अन्दर एक रूल 32 यह है कि किसी भी प्रकार के रूल का वह एमेंडमेंट कर सकते हैं। लेकिन वह एमेंडमेंट तब तक लागू नही होगा जब तक सैंटर की एप्रूवल नही होगी। जहां सैंट्रल गवर्नमेंट के एप्रूवल की बात है उन्होंने उस रूल को ही एमेंड कर दिया और यह कर दिया कि हमें आगे सैंट्रल गवर्नमेंट के एप्रूवल की आवश्यकता नहीं और आपने उसको मान्यता दे दी बोर्ड आफ डायरेक्टर्ज ने अपनी मीटिंग में रेजोल्यूशन पास कर दिया और उसे आप के पास भेज दिया। न मंत्री जी को जानकारी न किसी और को है और यह पावर जो आपके पास थी उसे उन्होंने एमेंड कर लिया इसको आप जांच करें। रेजोल्यूशन नम्बर 11 आफ 29-4-71 है।

"These rules and any alterations therein shall be subject to the approval of the Government of India."

इन्होंने इस पैरे को ही उड़ा दिया। इस प्रकार से आप एमेंडमेंट को एलाउ करते हैं। फिर आप कैसे उनको कंट्रोल कर सकते हैं।

[श्री शिवनाथ सिंह]

बिड़ला इस्टट्यूट आफ टैक्नौलोजी एड साइंस पिलानी का कम से कम आप एक बार इस्पैक्शन करवाये आप हम से फैक्ट्स मांगते हैं हम इतना कर सकते है कि बिड़ला कसर्न ने लाखो रुपया इसको दिया है ग्वालियर रेयोन ने दस लाख रुपया रिसर्च के लिये इसको दिया है। हम वाउचर तो नही दे सकते फिगर्ज दे सकते है आप जाच करवाये कि कितने बिड़ला कसर्न से इनको डोनेशन मिली हैं और वे कहा कहा युटिलाइज हुई उससे कितना टैक्स इवेजन आपका हुआ है।

जहां तक डिपार्टमेंट आफ सोशल वेलफेयर का सबध है, सोशल एक्टिविटीज हमारी कितनी हैं कितनी रही हैं हम इस बात से काफी चिन्तित हैं। आपने डिएबल्ड परसज और विडोज इत्यादी के लिये कई स्कीमे बनाई हैं लेकिन उनका कोई भी कारगर असर नही हो रहा है। जैसे शुक्ला जी ने कहा आप अलग अलग टुकडे बाट रहे हैं। कम से कम इतनी सोशल सिक्योरिटी तो होनी चाहिये कि जो डिसएबल्ड है, जो काम नही कर सकते, जो बीमार है उनके लिये आप होम बना दे ताकि वे सडको पर बिमारी फैलाते न फिरे और उन्हें भीख न मागनी पड़े। कभी कही आप पाउडर भेजते हैं लडको को कही मिड डे मील देते हैं इससे कोई फर्क नही पड़ता हमारे लड़के घर से खाना खा कर आते हैं और घर जाकर खाना खाते हैं। उन्हें आप नाश्ता दे इससे कोई अन्तर नही पड़ेगा और उसका कहां उपयोग होता है यह भी हम को पता है। इसके बजाय जो ओल्ड एज बीमार हैं, अपाहिज हैं उनके लिये मकान का इंतजाम हो जाए ताकि वे सड़को पर बीमारी न फैलाएं तो यह भी कहीं ज्यादा अच्छा है।

शिक्षा पद्धति मे जहा कमिया हैं वहां उसके साथ साथ इन पच्चीस सालों में उसके काफी टेलेंट्स भी हमारे यहा पैदा किए है जिनके लिए हमें गौरव हो सकता है, बड़े-बड़े इंजिनियर, डाक्टर आदि पैदा किए है, उनके लिये देश को गौरव है और हमारे एजुकेटिड लोग जब विदेशो में जाते हैं तो हम उनकी रिपोर्ट सुनते हैं कि वहां उनका बहुत सम्मान होता है। इस लिये शिक्षा मत्रालय के अच्छे कामो की सराहना करते हुए मै मत्रालय की मागो का समर्थन करता हू।

SHRI C. M. MOHAMED KOYA (Manjeri): Mr. Chairman Sir, as the Kothari Commission has said, the future of the country is bleak. But when the question of economy in expenditure comes, the axe falls on Education. The Finance Ministry considers this to be a spending department. I say that this is not a spending department. It is really an investment department. The Education Ministry does not get the required funds. This is the experience of all of us in the last so many years.

Another thing is about the priority given by the States in the matter of educational institutions.

The constitutional obligation of providing universal primary education has been forgotten. Therefore I would suggest that with the limited resources at the disposal of the Educaion Ministry, they should redraw the Plan and see that universal primary education is given the topmost priority. I would like to know in how many years Government are going to make the people universally educated? Sir I come from a State where we spend 45 per cent of the total revenue on the Education Department, and still we have

[Shri C. M. Mohamed Koya]

been able to achieve only 60 per cent literacy which means that out of ten persons only six persons are literate, though of course our percentage of literacy is more than double the all-India average.

Therefore let him not go in for new universities, for expanding higher education research and all that. Just as the Finance Minister has made the unkindest cut on education, likewise let the hon. Minister of Education make the cut on the university education side and see that the country is given universal primary education because even after 27 years of freedom we have been able to reach only this stage.

I know that education is mainly a State subject and the Central Government's part is very limited. We are told that Government are thinking of restricting the admission to the institutions of higher education by resorting to selective admission to the colleges and universities. It is really a correct policy. But we must at the same time take into account India's special circumstances. There are the backward and minority communities who at present do not get admission into the schools and colleges even now and if the admission is going to be selective with merit alone as the sole criterion, it would mean that there would be one class of educated people who will the ruling class and another class of educationally backward people. Therefore I would submit that Government must do it with caution, without being carried away by this kind of slogans.

Since the time at my disposal is very short I would now like to deal with some of the problems which are of particular relevance to my community and my party. First there is the question of the Aligarh Muslim University. There is a passing reference in the report to the Aligarh Muslim University Act being amended. But I may tell him that we shall not be satisfied unless the Act is amended according to the demands and asperations of the Muslim. I would like to know what has happened to the Beg Committee' report. The Beg Committee consisted of educational experts with secular leanings, but that report has been completely ignored and in indecent haste the Aligarh Muslim University Act was amended. Therefore, I would request the hon. Minister of Education to ponder over this question again and see that the minority character of the university is not disturbed.

Then there is the question of Urdu Every educational expert says that education must be imparted in the mother-tongue, especially at the primary education level. Urdu is the mother-tongue of a large chunk of the population of the north. But Urdu has not been given the status which it ought to have been given. It is not a communal issue at all but it is really a national issue. U.P. is really the brithplace of Urdu. If India neglects Urdu then who is going to care for Urdu?

Then, there is the question of the minority institutions. Government should not make any legislation which may erode the rights of the minorities guaranteed to them under the Constitution. I hope Government will not open the flood-gates of confusion by eroding the rights of the minorities just to serve the might of the teachers.

Then there is the question of the backward people. Sufficient encouragement should be given for the education of Muslim ladies. The Government of Kerala have given some encouragement in this behalf and the Muslim ladies are coming up. For reasons best known to all, they are very backward educationally. So the Government of India should see that they are given as much encouragement as is given to the Harijans As far as the ladies are concerned I think the Harijans are a little better off than the Muslims in North India.

[Shri C. M. Mohamed Koya]

There has also been a demand for a uniform system of education. As I have said already, education is a State subject and therefore, in the enthusiasm to have universal system of education or a uniform system of education let not the hon. Minister take away the rights of the States, because that will create confusion and the hon. Minister will be opening the flood-gates of confusion if he were to do so. Of course Government can give some directions. I think the Madras State has now fallen in line with the all-India pattern. This kind of thing can be done. But where should be a limit to the Centre's interference in the matter of education, because the States are conscious of their rights especially now.

Then mention was made about the taxtbooks. It is better that the text-books are nationalised. We have succeeded in naionalising the textbooks in Kerala. There was a committee under the chairmanship of Shri K. G. Sayidain which went into the question of the communal aspect of textbooks. I do not know what the Government of India have done with regard to that. But it is high of time something was done in this matter in the interest if national integration. This has to be started at the earlier stages; you have to catch 'em young and bring them into the mainstream of national life. These communal references in textbooks must surely be taken away. Government should do something with ragard to this.

Many hon. members who spoke before me were speakig about job-oriented education. Not only should education be job-oriented but jobs must also be found for the job-oriented educated. There was a time when our leaders saying that everyone should go in for technical education for getting every thing else. So everybody went for technical education. We have now got hundreds and thousands of educated technicians unemployed. This is because—I am glad the Minister of Industrial Development is here—industrial development in the country has not proceeded at the pace expected.

We tried a system of sandwich course in Kerala. Part of the instruction was given in the campus and part in factories. It is not yet time to see how far it has succeeded. But I think this is a scheme worth trying in some of our Universities. The idea is that as soon as a boy passes out of the college or University he must be fit to be absorbed in an industry. We must take the industries also into confidence in this. We tried it in Calicut University in Kerala and we got the cooperation of industries in Kerala for this. I think some such scheme must be tried in Universities.

There is another thing, the work experience programme in schools. Actually these are all paper plans. You do not have the mechanism to put into operation. You do not have trained teachers and so on.

Much has been said about languages. Sanskrit is the mother of all Indian languages and it must be encouraged. But we have got a very good prospect of getting employment for boys and girls in the Arab countries and the Gulf countries. Therefore, the study of Arabic also must be encouraged. In the Women's College in Trivandrum Christian and Hindu girls were taking to the study of Arabic because they expect to get employment in those countries. You have got a very good base in Malabar for the study of Arabic. So if the Central Government can help these people in this regard, these is every prospect of their getting employment in those countries. The Arab countries have oil; Japan has technical skill; but we have got enormous manpower. We must train our manpower to see that they get employment in other countries. That will really solve the problem of the country's unemployment. Therefore, something must be done for Arabic education so that boys and girls

get trained in this language which is now recognised as one of the UN languages, and can get employment in the umpteen number of Arab States in the Middle East and the Gulf countries. I hope Government will consider this sympathetically from the utilitarian point of view.

There is a small problem which I wish to bring to the notice of the Minister. This is regarding the NDS instructors in Kerala. The National Fitness Scheme was abolished by the Government. The Government of India takes a fancy for a certain scheme starts it and runs it for two or three years and suddenly drops it. This is what happened with this scheme. The institution was dissolved. They say the Kerala Government should absorb the instructors thus rendered unemployed. But for reasons known to all of us the Kerala Government could not absorb them. These people are in the street. I hope the hon. Minister will consider their case with sympathy and see that these people are absorbed.

Lastly, there is the question of the Language Institute. The Government of India gave enormous grants to this Institute. They started translating books. But suddenly in the midst of all this activity, the Government of India withdrew the grant as is their general practice. The result is that they are closing down. Many people who got employment under the plan scheme and other schemes are now out of employment. When university education is in the mother tongue closure of the Language Institute will be a retrograde step. I hope the Minister will do something about this. I know he has the difficulty of resources to contend with, but I am sure he will find a way out.

DR. G. S. MELKOTE (Hyderabad): Education and Culture is a vast subject on which one could speak for hours together. There has been constant talk about *shiksha* and *vidya dan*. What is the relevance of these wards in the Indian context today? That is what I would like to deal with today. Siksha is punishment; Siksha is also knowledge. Are we going to impart knowledge by punishing the students? That is the big question. How do we punish? Is it going to be a punishment by thrashing them? Certainly not. If knowledge has to be imparted it has to be through the human sensory faculties. We see colour and we see some form. The scientists tell us that the colour you see does not exist in this world; the form in the shape that you see does not exist at all. How to bring this knowledge to the students and apply it everywhere?

People the world over cherish such ideas. 18 universities in Russia and many Universities in other part of the World are involved in understanding commology, energy, consciousness and man. What are their implications? How for does our educational system try to understand this and fit it in our lives is the question. Russia and America are trying to do this; sending message through the mind and trying to pick it; through the electron micro-scope you put your finger and you can see emnanating heat of emergy from the body. You can see this energy, and the Kilian methods of photography of the sunlight has brought this knowledge to us. Please read the 'Psychic Discovering behind the Iron Curtain'.

That book mentions yoga as one of the methods by means of which—by breathing exercises—our vitality can be increased. We talk of things in terms of culture in terms of various as pects of dance, drama, music and culture. What is the relevance with regard to these things? I would like to bring to your notice only one aspect of the question. What our sensory organs do to bring about knowledge to us is very limited. The scientists will tell you that there is no colour in the world; that there is no form. But a *tapasvi*, a yogi, sees it by his superconscious condition. It is this *siksha* the punishment of the mind, that the ancients taught us, and that is the real picture that will bring improvement.

[Dr. G. S. Malkote]

To what extent our universities and the education department are involved in this? This is the question. I would like to pose one question, and it is this. By means of yoga, you can control in energy and by certain researches you can succeed in curing diseases and bring about health. This problem is a very important one, and it has got to be understood. How is it taught? People from Hungary and Czechoslovakia are trying to impart this knowledge and they look to India to give them guidance. But where are we in this matter? Not even Rs. 2 lakhs are being spent on imparting yoga techniques by the Education and Culture Ministry annually, whereas crores of rupees are being spent in other countries. Your intellectual capacity—IQ—and intelligence quotients, naturally temper the body so that we never fall ill; this is one aspect; it improves your conscious condition, so that your consciousness condition will get all the knowledge that is available everywhere. These are the ideals to which India in the past attended. To what extent they may be attended to here is the question. When outside countries come to our country to understand these things, we are doing nothing in this direction.

Since the time that you have given me is so short, I would only request the hon. Minister of Education in particular that he should try to understand the problem of yoga and implement it with much more money. It is not mere physical improvement; it is not merely muscle strength that is necessary. It is the brain strength and the nerve strength. Towards this and I hope much more money will be allotted for imparting yoga education so that the intellect may improve, consciousness as well as physical stamina may improve.

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय तथा संस्कृति विभाग में उपमंत्री (श्री अरविन्द नेताम) : सभापति महोदय, आपने इस बहस के दौरान मुझे हस्तक्षेप करने का जो अवसर प्रदान किया है उसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं । इस समय मैं केवल समाज कल्याण विभाग से सम्बन्धित जो बजट प्रस्ताव है उनके समर्थन में कुछ मदों के सम्बन्ध में कहना चाहूंगा । जहां तक समाज कल्याण विषय का प्रश्न है, वह विषय दिन प्रति दिन लोकप्रियता अर्जित करता जा रहा है । इसके पहले देश के अन्य राज्यों में समाज कल्याण विभाग को उतना महत्व नही दिया जाता था परन्तु अब राज्य सरकारों ने भी इस विभाग को एक स्वतन्त्र दर्जा देना शुरू कर दिया है । मैं यह कहना चाहूंगा कि पांचवी पंचवर्षीय योजना में जो प्लान एलोकेशन है इस मंत्रालय का वह करीब 229 करोड है जबकि चौथी पंचवर्षीय योजना मे प्राविधान करीब 41 करोड़ रुपये का था । इससे स्पष्ट है कि चौथी योजना की अपेक्षा पाचवी योजना में करीब 6 गुने की वृद्धि हुई है । सन् 1974–75 के लिए जो बजट प्राविधान रखा गया है उसमें प्लान सेक्टर मे 17 73 करोड़ रुपया और नान-प्लान सेक्टर में 3.07 करोड़ रुपया रखा गया है ।

इससे पूर्व कि मैं इस विभाग के बारे में कुछ कहूं, माननीय सदस्यों ने जो कुछ मुद्दे उठाये है उनके सम्बन्ध में कुछ कहना चाहूंगा । श्री मधु लिमये जी ने काम करने वाली महिलाओं के छात्रावास के बारे में कहा है । यह बात सही है कि इस ओर जो भी अब तक सरकार की ओर से खर्च किया गया वह सन्तोषप्रद तो नहीं कहा जा सकता । 1972–73 में करीब 9.42 लाख रुपया जिसमें

4 हास्टेल्स हैं और 1973–74 में करीब 1.27 लाख रुपया जिसमें 2 हास्टेल्स हैं उन पर खर्च किया गया जो कि सन्तोषप्रद नहीं है। परन्तु सन् 1974–75 में जो प्रावधान है उसमें करीब 70 लाख रुपये की धनराशि रखी गई है और मुझे उम्मीद है लिमये जी ने जो असन्तोष जाहिर किया है उस सम्बन्ध में आने वाला जो वर्ष है उसमें काफी काम किया जायेगा। वैसे यह जो हास्टेल्स के निर्माण सम्बन्धी कार्य है वह वालंटरी आर्गेनाईजेशन के माध्यम से और सेन्ट्रल सोशल वेलफेयर बोर्ड के माध्यम से होते हैं। 10 लाख से ऊपर वाली जनसंख्या के शहरों में जो हास्टेल बनाने का प्राविधान है उसमें शासन की ओर से करीब 60 प्रतिशत ग्रान्ट सहायता के रूप में दी जाती है परन्तु इससे कम संख्या वाले शहरों में सेन्ट्रल सोशल वेलफेयर बोर्ड के माध्यम से ग्रान्ट दी जाती है। इस वर्ष 1974–75 में जो 70 लाख का प्राविधान रखा गया है उससे उम्मीद है करीब 1400 काम करने वाली महिलायें लाभान्वित हो सकेंगी।

श्री लिमये जी ने दूसरा मुद्दा बच्चों के सम्बन्ध में उठाया है। जो पालिसी रेजोल्यूशन है उस सम्बन्ध में मैं कहना चाहूंगा कि यह जो प्रपोजल मंत्रालय के विचाराधीन है इस सम्बन्ध में बहुत जल्दी ही निर्णय किया जायेगा। इस सम्बन्ध में लिमये जी ने अलग से कमेटी निर्माण करने की बात कही है लेकिन उससे मैं सहमत नहीं हूं क्योंकि मंत्रालय द्वारा इसके लिए जो पहल की जा रही है उसमें और भी मंत्रालयों का समन्वय है और हम इसकी बड़ी बारीकी से जांच-पड़ताल कर रहे हैं। इसलिए जो कमेटी निर्माण करने की बात उन्होंने कही है उसको मैं उचित नहीं समझता।

लिमये जी ने तीसरा मुद्दा महिलाओं की स्थिति के बारे में उठाया है। इस सम्बन्ध में मंत्रालय के अधीन भारत में स्त्रियों की हैसियत सम्बन्धी समिति है जो कि इन सब पहलुओं पर विचार कर रही है। इस समिति ने सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, रोजगार आदि 6 पक्षों के लिए टास्क फार्स बनाये हैं जो कि इस पर विचार कर रहे हैं।

माननीय शुक्ल जी ने यह बात कही है कि वालंटरी आर्गेनाईजेशन द्वारा, जो सहायता दी जाती है, उसका मिस-यूज किया जाता है लेकिन यह बात सही नहीं है कि मिस-यूज किया जाता है। मैं तो इस बात को मानता हूं कि वालंटरी आर्गेनाईजेशन सहायता का सही उपयोग किया जाता है। यदि कहीं पर कोई आर्गेनाईजेशन मिस-यूज करता है तो हम उसकी जांच-पड़ताल करते है और अगर सही पाया जाता है तो अनुदान बन्द कर देते हैं।

माननीय सदस्य श्री चन्द्रप्पन जी ने खेल संघों के कार्य कलापों पर असन्तोष जाहिर किया है। उनकी भावना से मैं बिल्कुल सहमत हूं। मंत्रालय ने उनकी गतिविधियों से समय समय पर अपने आपको

[श्री अरविन्द नेताम]

वाकिफ रखा है और उसी आधार पर मंत्रालय ने अखिल भारतीय खेलकूद परिषद को अवगत कराया है, खेल संघों की गतिविधियों के बारे में और अखिल भारतीय खेलकूद परिषद ने जो सुझाव मंत्रालय को दिए हैं उन सुझावों पर उच्च स्तर पर विचार विमर्श करने के बाद गाइड लाइन्स तैयार की गई हैं तथा आज मुझे कहते हुए खुशी हो रही है कि आज के दिन ही यह गाइड लाइस देश के सारे खेल संघों, एसोसिएशन्स को प्रेषित की गई हैं। इन गाइड लाइन्स में जो भी शर्तें हैं उनका वे पालन करेंगे और उसके आधार पर ही हम उन्हें आर्थिक मदद करेंगे।

तो मुझे उम्मीद है कि अगर इन गाइड-लाइन्स पर यह सारे संघ चले तो खेलकूद का स्तर तो बढ़ेगा ही, साथ ही साथ सरकार को भी खेलकूद का स्तर बढ़ाने में मदद मिलेगी. माननीय चन्द्रप्पन ने एक सलाह दी है कि जो आल इन्डिया स्पोर्टस काउंसिल का कांस्टीट्यूशन है उसमें परिवर्तन किया जाये। सुझाव बहुत अच्छा है। परन्तु मैं कहूंगा कि आज जो हमने खेल संघों को गाइडलाइन्स दी हैं थोड़ा इन्तजार कर लें कि क्या परिणाम निकलता है, उस के बाद इस पर भी विचार कर सकते हैं।

सभापति महोदय, अब मैं समाज कल्याण के कुछ मुद्दों पर आता हूं। सब सेपहले मैं चाइल्ड वेलफैयर स्कीम के बारे में कहना चाहता हूं। इस विभाग ने बाल विकास कार्यक्रम को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, विशेषकर इस पंचवर्षीय योजना में। और बाल विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत जो हमने इंटेग्रेटेड चाइल्ड डेवलपमेंट सर्विस स्कीम तैयार की हैं जिसके माध्यम से हम पैकेज सर्विस प्रदान करेंगे, इस कार्यक्रम के अन्तर्गत देश में, खास कर जो 6 वर्ष तक की आयु के बच्चे हैं उन को, और गर्भवती और दूध पिलाने वाली माताओं को प्रदान करने की योजनायें हैं। यह सेवायें विशेषकर ग्रामीण, शहरी और आदिवासी क्षेत्रों में होंगी जिससे देश के कमजोर वर्ग के लोगों को इससे सहायता मिलेगी।

दूसरे जो बालकों को संरक्षण, केयर और प्रोटेक्शन देने का सवाल है यह सवाल शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा जो सेवा चौथी योजना तक प्रदान की गई है उस के प्रसार करने का विचार है। यह जो इंटेग्रेटेड चाइल्ड डेवलपमेंट सर्विस स्कीम विशेषकर ग्रामीण, शहरी और आदिवासी क्षेत्रों में लागू की गई है यह इस बात को मद्देनजर रखते हुए की गई हैं कि इन क्षेत्रों में कमजोर वर्ग के, आदिवासी और हरिजन वर्ग के जो लोग हैं वे इससे अधिक लाभान्वित होंगे।

वीमन वेलफ़ेयर का महत्वपूर्ण काम इस मंत्रालय द्वारा किया जाता है। पांचवीं पंचवर्षीय योजना में इस क्षेत्र में, स्त्री कल्याण के क्षेत्र में, बहुत महत्वपूर्ण कार्य मंत्रालय को अन्य एजेन्सीज के माध्यम से करने हैं। खास महत्वपूर्ण काम यह है कि कम आय वाली जो महिलायें हैं उनके लिये सामाजिक और आर्थिक विकास की योजना में महत्वपूर्ण योगदान देना है। इनके लिये ग्रामीण क्षेत्र के लिये फंक्शनल लिट्रेसी कैम्प शुरू करने का प्राविधान है और इस फंक्शनल लिट्रेसी के माध्यम से मैटर्निटी, चाइल्ड वेलफेयर, न्यूट्रिशन, हैल्थ एजूकेशन और होम इकोनोमिक्स,

यह सब फ़ंक्शनल लिट्रेसी के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सिखाया जायेगा । इसके अलावा उनकी आय को सप्लीमेंट करने के लिये किचन गार्डनिंग, पाल्ट्री कीपिंग और एनीमल हस्बेंड्री का भी प्राविधान रखा गया है ।

प्रौढ़ महिलाओं के लिये पूर्व माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक परीक्षाओ के लिए जो कडेंस्ड कोर्स का प्रावधान हैं उस का विस्तार किया जायगा । प्रौढ़ महिलाओ के लिये भी जो बाल सेविका ट्रेनिंग, रेडियो रिपेयरिंग, हाउस कीपिंग, कटरिंग जैसी जो वोकेशनल ट्रेनिंग हैं इनका अधिक महत्व दिया जायेगा जिनके माध्यम से इन प्रौढ़ महिलाओ को शिक्षित किया जायगा ।

वालेन्ट्री आर्गेनाईजेशन के माध्यम से जो जरूरतमन्द महिलाये हैं उनको प्राडक्टिव यूनिट के माध्यम से काम और मजदूरी दी जायगी जिससे वह अपनी जीविका चला सकें । शहरी क्षेत्र में जो हास्टल का विस्तार करने का प्राविधान हैं उसके बारे में मै कह चुका हू ।

18 hrs.

इसके अलावा जो मंत्रालय के महत्वपूर्ण काम हैं वह वेलफ़ेयर आफ़ हैंडीकैप्ड पर्सन्स का काम है । सभापति महोदय, पांचवी योजना में अपंग लोगों के कल्याण के लिए जो बजट प्राविधान है उसमें वृद्धि की गई हैं । चौथी योजना में 2.5 करोड़ रु० था जब कि पांचवीं योजना में 11 करोड़ रु० का प्राविधान रखा जा रहा हैं । इससे स्पष्ट हैं कि हैंडीकैप्ड पर्सन्स के लिये पांचवी योजना में बहुत कुछ करने की गुजाइश हैं, और यह जो मुख्य काम अपने लोगों के लिये करना है यह नेशनल इस्टीटयूट फ़ौर ब्लाइंड, डैफ़ और औथोंपेडिकली हैंडीकैप्ड लोगों के हैं, इन के माध्यम से इन हैंडीकैप्ड पर्सन्स के लिये काम करना है । इसके अलावा जो अपंग लोग हैं उनको स्कालरशिप्स देने का भी प्राविधान है और हैंडीकैप्ड पर्सन्स को शासन के अलावा वौलेन्ट्री आर्गेनाईजेशन्स के माध्यम से भी जो सहायता दी जाती हैं, सेवा दी जाती है वालेन्ट्री आर्गेनाईजेशन्स द्वारा इनमें बिस्तार करने का विचार है ।



इसके अलावा जो हैंडीकैप्ड टीचर्स ट्रेनिंग का कार्य है, जो चौथी योजना में भी था, उस का भी बढाने का विचार है ।

सभापति महोदय, समाज कल्याण क्षेत्र में वौलेन्ट्री आर्गेनाईजेशन्स का महत्वपूर्ण योगदान हैं, ये आर्गेनाइजेशन्स इस क्षेत्र मे सरकार की बहुत कुछ मदद करती है । सरकार के कार्य को हल्का करती हैं । प्रशासन का विचार है कि इन वौलेन्ट्री आर्गेनाईजेशन्स का सहयोग मिलता रहे ताकि पाचवी योजना में इनका सही लाभ उठा सकें और इसी कारण पाचवी योजना मे उनका बहुत अधिक स्पष्ट रोल होगा ।

सेन्ट्रल सोशल वैलफेयर बोर्ड एक बडी महत्वपूर्ण सस्था है इस मंत्रालय की । ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर जो स्वयंसेवी भावना है उसको प्रोत्साहन देने के लिए एक प्रमुख रोल अदा कर रही है । बोर्ड को उस कार्यक्रम

[ श्री अरविन्द नेताम ]

को कार्यान्वित करने के लिये और भी बहुत सी जिम्मेदारी सौंपी जायगी। बोर्ड की कार्य क्षमता को बढ़ाने के लिये ब्लाक स्तर पर और जिला स्तर पर संगठन को मजबूत बनाया जायेगा। जिला स्तर पर जिला समिति बनेगी और ब्लाक स्तर पर महिला मंडल का निर्माण होगा ताकि राज्य के जो स शल वलफ़ेयर बोर्ड हैं वह मदद कर सकें।

सेंट्रल सोशल वेलफ़ेयर बोर्ड का हम शीघ्र ही पुनर्गठन करने जा रहे हैं। हम आशा करते हैं कि इस पुनर्गठन के बाद यह और भी अधिक आर्गनाइज्ड बन जाएगा और इसकी कार्यक्षमता बढ़ जाएगी।

इन शब्दों के साथ जो डिमांड्ज सदन के समक्ष रखी गई हैं उनके बारे में मैं आशा करता हूं कि उनको माननीय सदस्य समर्थन करेंगे ताकि आने वाले साल में हम अधिक से अधिक प्रगति कर सकें।

श्री कृष्ण चन्द्र पांडे (खलीलाबाद) : सभापति महोदय, मैं शिक्षा मंत्रालय की मांगों का हार्दिक समर्थन करता हूं। हमारे देश में जो शिक्षा नीति है और जो छात्रों में आक्रोश है . . . . .

सभापति महोदय : आप कल जारी रखें।

अब हम उठते हैं। यह हाउस कल 10 अप्रैल को 11 बजे फिर मिलेगा।

**18.04 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Wednesday April 10, 1974/Chaitra 20, 1896 (Saka)*

MGIPND—M—215 L S—29-5-74—1010